INS ACCREDITED
यूंनिकॉम एडवरटाइजिंग
unicomadvertising.com

प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी

# यूनिक समय

डीएवीपी द्वारा मान्यता प्राप्त
डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026—28

Sweety BY MR GROUP Presents
Unique Samay Update
uniquesamay.com

वर्ष-4 | अंक-172 | सांध्य दैनिक | मथुरा, सोमवार, 17 अगस्त 2026 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | X.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay


# जनपद की 32 ग्राम पंचायतों में नहीं हैं पंचायत सहायक

## पेंशन और राशन कार्ड आदि कामों के लिए भटक रहे ग्रामीण

## ऑनलाइन सेवाओं के लिए दूसरे केंद्रों का लेना पड़ रहा सहारा

**यूनिक समय, मथुरा।** जिले की 495 ग्राम पंचायतों में से 32 ग्राम पंचायतें ऐसी हैं, जहां पंचायत सहायक की तैनाती नहीं है। पंचायत सहायक नहीं होने से ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं और विभिन्न जनसुविधाओं से जुड़ी जानकारी हासिल करने के लिए दूसरे स्थानों पर स्थित जन सेवा केंद्रों का सहारा लेना पड़ रहा है। इससे खासकर बुजुर्ग, महिलाएं और जरूरतमंद ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्राम पंचायतों में पंचायत सहायक कम सह डाटा एंट्री ऑपरेटर की भूमिका महत्वपूर्ण है। पंचायत भवन में बैठकर ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी सेवाओं के लिए ऑनलाइन




आवेदन करने, प्रमाणपत्र संबंधी जानकारी देने और योजनाओं से जुड़ी प्रक्रिया समझाने में पंचायत सहायक मदद करते हैं। इनके माध्यम से वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, राशन कार्ड समेत अन्य सरकारी सेवाओं के आवेदन में भी ग्रामीणों को सुविधा मिलती है।

पंचायत सहायक का मुख्य काम ग्राम पंचायत के डिजिटल और प्रशासनिक कार्यों में सहयोग करना है। वह ऑनलाइन पोर्टल पर सूचनाएं दर्ज करने, अभिलेखों को अपडेट रखने, ग्रामीणों के आवेदन और योजनाओं से संबंधित डाटा उपलब्ध कराने और पंचायत से जुड़ी जानकारी को ऑनलाइन दर्ज कराने में सहायता करता है। पंचायत सहायक को शासन की ओर से निर्धारित मानदेय दिया जाता है। इसके अलावा पंचायत भवन में कंप्यूटर और इंटरनेट जैसी सुविधाओं के माध्यम से काम करने की व्यवस्था रहती है।

हालांकि, 32 पंचायतों में पद रिक्त होने के कारण इन गांवों के लोगों को इन सेवाओं के लिए दूर—दराज के जन सेवा केंद्रों तक जाना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत भवन में ही सुविधा उपलब्ध होने से समय और धन दोनों की बचत होगी। ग्रामीणों ने रिक्त पदों पर जल्द पंचायत सहायकों की तैनाती की मांग की है, ताकि सरकारी योजनाओं और ऑनलाइन सेवाओं का लाभ गांव में ही मिल सके।

जिला पंचायत राज विभाग अधिकारी धनंजय जायसवाल का कहना है कि यह पद स्थाई नहीं है। पंचायत सहायक आए दिन पद को छोड़ते हैं, इसकी पीछे व्यक्तिगत वजह बताते हैं। रिक्त स्थानों को भरने की प्रक्रिया भी चलती रहती है। वहीं, विभागीय जानकारों का कहना है कि पद छोड़ने की वजह प्रधानों से सामंजस्य नहीं बन पाना है।

# झोलाछापों पर छापेमारी, मचा हड़कंप

## फरह क्षेत्र में वंश पैथोलॉजी सील, पांच संचालकों को नोटिस

## कार्रवाई की भनक लगते ही कई क्लीनिकों पर लटके ताले

**यूनिक समय, मथुरा।** झोलाछाप डॉक्टरों और बिना मानकों के संचालित क्लीनिक, जांच केंद्रों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने सोमवार को फरह क्षेत्र में अभियान चलाया। नोडल अधिकारी डॉ. गोपाल बाबू गर्ग के नेतृत्व में पहुंची टीम को देखते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। कार्रवाई की भनक लगते ही कई क्लीनिक संचालक शटर गिराकर मौके से निकल गए।

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने फरह और आसपास के क्षेत्रों में कई क्लीनिकों और जांच केंद्रों का निरीक्षण किया। टीम ने संचालकों से


परखम में पैथोलॉजी को सील करते नोडल अधिकारी डॉ.गोपाल बाबू गर्ग।

पंजीकरण, चिकित्सकीय योग्यता और संस्थान संचालन से संबंधित जरूरी दस्तावेज मांगे। जांच के दौरान मानकों और कागजात में कमी मिलने पर विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी।

परखम क्षेत्र में वंश पैथोलॉजी को सील कर दिया गया। इसके अलावा जगदंबा क्लीनिक, डॉ. राधेश्याम, गरिमा एक्स—रे सेंटर, डॉ. दिनेश और डॉ. बंगाली, बरारी सहित संबंधित संचालकों को नोटिस जारी किए गए। विभाग ने सभी से क्लीनिक और जांच केंद्र संचालन से जुड़े जरूरी अभिलेख प्रस्तुत करने को कहा है।

### इलाज के नाम पर खिलवाड़ नहीं होगा बर्दाश्त

नोडल अधिकारी डॉ. गोपाल बाबू गर्ग ने कहा कि बिना जरूरी योग्यता और पंजीकरण के मरीजों का उपचार करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। मरीजों के स्वास्थ्य और जीवन के साथ खिलवाड़ किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभियान केवल फरह तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी ऐसे क्लीनिक और जांच केंद्रों की जांच की जाएगी। विभाग अब नोटिस पाने वाले संचालकों से दस्तावेज लेकर उनकी वैधता की जांच करेगा। मानक पूरे नहीं मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

### भनक लगते ही भागा परखम का झोलाछाप अस्पताल संचालक

स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई की खबर आसपास के क्षेत्रों में तेजी से फैल गई। गांव परखम में अवैध अस्पताल संचालित कर रहा झोलाछाप शटर गिराकर भाग गया। इसी अस्पताल संचालक के यहां बीते दिन दवा खाते ही दो वर्षीय बालिका की मौत हुई थी। जानकारों का दावा है कि छापे की सूचना झोलाछाप को पहले ही मिल गई थी। परखम की पैथोलॉजी पर छापा पड़ते ही छोलाछाप संचालक निकल गया था।

# सितंबर में छाता शुगर मिल का होगा शिलान्यास

**यूनिक समय, मथुरा।** छाता शुगर मिल को दोबारा शुरू कराने की वर्षों पुरानी मांग अब पूरी होने की उम्मीद बढ़ गई है। कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण ने सोमवार को कहा कि आगामी सितंबर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मिल की पुनर्स्थापना परियोजना का शिलान्यास करेंगे।

उन्होंने बताया कि अगला पेराई सत्र शुरू होने से पहले मल्टी—फीड कॉम्प्लेक्स तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। मिल के संचालन से क्षेत्र के गन्ना किसानों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

भाजपा जिलाध्यक्ष निर्भय पांडे के नेतृत्व में पार्टी के मंडल अध्यक्ष और शुगर मिल संघर्ष समिति के प्रतिनिधियों ने कैबिनेट मंत्री से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मिल को शीघ्र शुरू कराने सहित किसानों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। संघर्ष समिति वर्ष 2012 से मिल को दोबारा संचालित कराने के लिए प्रयासरत है। प्रतिनिधिमंडल में चंद्रपाल एडवोकेट, भगवत पांडे और भीमसेन शर्मा सहित अन्य लोग शामिल रहे।

# होटल के बाथरूम में महिला का वीडियो बनाने का आरोप

**यूनिक समय, मथुरा।** वृंदावन में दर्शन के लिए भोपाल से आई महिला श्रद्धालु ने होटल कर्मचारी पर बाथरूम में नहाते समय उनका वीडियो बनाने का आरोप लगाया है। महिला की शिकायत पर वृंदावन कोतवाली पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपी कर्मचारी की तलाश में जुटी है। प्राथमिकी के अनुसार, महिला अपने परिजन के साथ 100 फुटा रोड स्थित सत्या कॉम्प्लेक्स में संचालित डोरमेट्री गुरुजी होमस्टे में ठहरी थीं। आरोप है कि सुबह जब वह बाथरूम में नहाने गईं, तभी होटल में तैनात कर्मचारी विशाल शर्मा वहां पहुंचा और मोबाइल से उनका वीडियो बनाने लगा। महिला की नजर कर्मचारी पर पड़ गई। उन्होंने शोर मचाया तो आरोपी मौके से भाग निकला। महिला ने घटना की जानकारी परिजनों को दी और पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने होटल संचालक से भी पूछताछ की है और मामले से जुड़े साक्ष्यों की जांच की जा रही है।

## रोडवेज चेकिंग का नेटवर्क, परिचालकों में पहले खबर

# चेकिंग शुरू होते ही परिचालकों में बजता था अलर्ट

## चेकिंग की सूचना लीक, अब परिचालकों पर कार्रवाई तय

**यूनिक समय, मथुरा।** रोडवेज बसों में चेकिंग शुरू होने से पहले ही इसकी सूचना दूसरे परिचालकों तक पहुंचने का मामला सामने आया है। चेकिंग की जगह और समय की जानकारी साझा करने के लिए परिचालकों का अलग समूह चलने की बात सामने आई है। सूचना मिलते ही दूसरे परिचालक सतर्क हो जाते थे, जिससे जांच के दौरान कई अनियमितताएं पकड़ में आने से बच जाती थीं। मामले की जानकारी मिलने के बाद एआरएम कमल किशोर आर्य ने जांच शुरू करा दी है।

पिछले माह मथुरा डिपो का कार्यभार संभालने के बाद एआरएम को गोपनीय रूप से जानकारी मिली थी कि कुछ परिचालक चेकिंग की सूचना पहले ही एक—दूसरे को दे देते हैं। इसके बाद उन्होंने अचानक अलग—




अलग स्थानों पर बसों की जांच शुरू कराई। पिछले दिनों छाता—कोसीकलां मार्ग पर बसों की चेकिंग की गई। इसके बाद रविवार को राया कट के पास रोडवेज बसों की जांच की गई।

राया कट पर चेकिंग शुरू होने के कुछ ही देर बाद इसकी सूचना दूसरे परिचालकों तक पहुंच गई। इस पर एआरएम को संदेह हुआ।

उन्होंने मामले की जानकारी जुटाई तो पता चला कि जिस बस की जांच की गई थी, उसी के परिचालक ने समूह में चेकिंग की सूचना साझा की थी। इसके बाद विभागीय अधिकारियों ने परिचालकों के बीच संचालित इस समूह की जानकारी जुटानी शुरू कर दी है।

एआरएम के अनुसार, समूह के माध्यम से चेकिंग की लोकेशन और समय की जानकारी दूसरे परिचालकों को भेजी जाती थी। पहले से सूचना मिलने के कारण परिचालक जांच के समय सतर्क हो जाते थे। इससे विभागीय जांच प्रभावित होने के साथ रोडवेज के राजस्व पर भी असर पड़ने की आशंका है।

एआरएम कमल किशोर आर्य ने बताया कि चेकिंग की सूचना साझा करने वाले दो से तीन परिचालकों की पहचान की जा चुकी है। संबंधित परिचालकों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं। जांच में दोषी पाए जाने पर उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है।


उन्होंने स्पष्ट किया कि रोडवेज के राजस्व को नुकसान पहुंचाने वाली किसी भी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। चेकिंग व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए आगे भी अचानक जांच जारी रहेगी। विभाग अब इस बात की भी जांच कर रहा है कि समूह में कितने परिचालक जुड़े हैं और कितने समय से चेकिंग की सूचनाएं साझा की जा रही थीं।




# 95 साल बाद जनगणना में फिर पूछा जाएगा जाति का सवाल

## सामान्य जातियों की गणना से सामने आएगी सामाजिक संरचना

## पहली बार पहचान के साथ आर्थिक और पलायन संबंधी सवाल



**यूनिक समय, मथुरा।** देश में जनगणना की प्रक्रिया इस बार कई मायनों में महत्वपूर्ण बदलाव लेकर आ रही है। स्वतंत्रता के बाद पहली बार नागरिकों से जाति संबंधी जानकारी भी दर्ज की जाएगी। केंद्र सरकार ने जनगणना–2027 के लिए 40 सवालों की सूची जारी की है। इसमें परिवार की सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक और आवासीय स्थिति के साथ व्यक्ति की व्यक्तिगत जानकारी भी शामिल की गई है।

जातिगत जनगणना का व्यापक प्रयास आखिरी बार वर्ष 1931 में हुआ था। आजादी के बाद जनगणना में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति से संबंधित आंकड़े जुटाए जाते रहे, लेकिन अन्य जातियों की अलग–अलग संख्या दर्ज नहीं की गई। अब करीब 95 साल बाद जाति संबंधी जानकारी फिर जनगणना का हिस्सा बनने जा रही है।

जनगणना के दौरान नागरिकों से उनकी जाति के बारे में जानकारी ली जाएगी।

इसके लिए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य जाति से संबंधित विवरण दर्ज किया जाएगा। खास बात यह है कि जाति की जानकारी उत्तरदाता के बताए अनुसार दर्ज किए जाने की व्यवस्था रहेगी। इससे देश में विभिन्न जातीय समूहों की संख्या और सामाजिक संरचना से जुड़े आंकड़े सामने आने की उम्मीद है। हालांकि अलग–अलग क्षेत्रों में एक ही जाति के अलग नाम या स्थानीय पहचान होने से आंकड़ों के वर्गीकरण में चुनौती भी सामने आ सकती है। इसके लिए आंकड़ों के संकलन और विश्लेषण की प्रक्रिया महत्वपूर्ण होगी।

### पलायन से लेकर डिजिटल साक्षरता तक सवाल

जनगणना के सवाल केवल परिवार के सदस्यों की संख्या तक सीमित नहीं हैं। व्यक्ति की उम्र, वैवाहिक स्थिति, धर्म, दिव्यांगता, मातृभाषा, अन्य भाषाओं का ज्ञान, साक्षरता और डिजिटल साक्षरता की जानकारी भी ली जाएगी। इसके अलावा उच्चतम शैक्षणिक योग्यता, रोजगार की स्थिति, व्यवसाय, काम का प्रकार और रोजगार की तलाश से संबंधित सवाल पूछे जाएंगे।

जन्म स्थान, पिछला निवास स्थान, घर छोड़ने का कारण और पलायन की वजह भी दर्ज की जाएगी। पहचान एवं वित्तीय जानकारी से जुड़े सवालों में आधार, मतदाता पहचान पत्र, पासपोर्ट, मोबाइल और बैंक खाते जैसी जानकारियां भी शामिल हैं। कोविड टीके की खुराक से संबंधित जानकारी भी सूची में रखी गई है। जनगणना–2027 के आंकड़े सामने आने के बाद इनका इस्तेमाल सामाजिक योजनाओं, सरकारी नीतियों और कल्याणकारी कार्यक्रमों की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। जातिगत आंकड़ों के सामने आने से सामाजिक प्रतिनिधित्व और सरकारी योजनाओं को लेकर नई बहस शुरू होने की संभावना भी है।




# नागपंचमी मेला में उमड़ा नाग पूजा को सैलाब



नाग पंचमी पर जैंत स्थित मंदिर में नाग की पूजा करते श्रद्धालु।

## जैंत के कालिया नाग मंदिर में पूजा–अर्चना कर मांगीं मनौतियां

**यूनिक समय, जैंत।** द ब्रज फाउंडेशन के सहयोग से बेस्ट टूरिज्म विलेज जैंत में आयोजित पारंपरिक ऐतिहासिक नागपंचमी मेला में जनसैलाब उमड़ पड़ा। राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे बसे जैंत गांव के जयकुंड में बिखरी नैसर्गिक सौंदर्य की अनुपम छटा के मध्य देश भर से आकर नाग देवता को प्रसन्न करने के लिए लोगों ने अनुष्ठान किए।

लोक मेला में आस्था के जन सैलाब में दिल्ली एनसीआर, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, उड़ीसा और पश्चिम बंगाल आदि के अलावा देश के विभिन्न भागों से आए श्रद्धालुओं ने कालिया नाग मंदिर में पूजा अर्चना कर मनौतियां मांगीं। नाग पूजा को सोमवार प्रातः छह बजे से ही श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो गया। मेले का शुभारम्भ जिला सहकारी बैंक के संचालक ठाकुर उमेश प्रताप सिंह ने किया।

इस अवसर पर सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ठाकुर अजीत सिंह, पूर्व ग्राम प्रधान दलबीर सिंह, मंदिर के पुजारी पंडित रितेश गौतम, हरेंद्र सिंह एडवोकेट, प्रमोद सिंह, लाखन सिंह, पदम सिंह आदि उपस्थित रहे। मेले के सफल आयोजन के लिए मेला संयोजक आनंद यादव ने प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी सहयोगियों-पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

## ब्रज रज प्राप्ति महा महोत्सव भावांजलि समारोह कल

**यूनिक समय, वृंदावन।** गोधूलिपुरम कालोनी स्थित जयंतीप्रसाद वैदिक विद्याश्रम-ऋषिकुलम गोधूलि पुरम संस्कृत छात्रावास में 18 अगस्त को सुबह नौ बजे नर सेवा नारायण सेवा भाव के उपासक-गोलोक वासी जयंती प्रसाद अग्रवाल की 41 वीं पुण्यतिथि ब्रज रज प्राप्ति महा महोत्सव भावांजलि समारोह मनाया जाएगा। बसेरा ग्रुप के चेयरमैन रामकिशन अग्रवाल, बृजमोहन अग्रवाल, दान बिहारी अग्रवाल, ललित अग्रवाल की ओर से आगुंतकों का स्वागत किया जाएगा। अध्यक्षता भक्त माली महेश बाबा करेंगे। यह जानकारी पंडित बनवारी लाल गौड़ ने दी।

# पुलिस के अभियान से बाइक राइडरों में हड़कंप

**यूनिक समय, वृंदावन।** मंदिरों की नगरी में अवैध रुप से श्रद्धालुओं को बाइकों पर बिठाकर ले जाने वाले बाइक राइडरों के खिलाफ पुलिस ने अभियान चलाया। अभियान के दौरान कई बाइक राइडरों के खिलाफ कार्रवाई की गई। गौरतलब है कि बरसाना की तरह से मंदिरों की नगरी में बाइक चलाने वाले अनेक युवकों ने रोजगार का नया रास्ता ढूंढ़ निकाला है। वह अपनी बाइकों पर दो श्रद्धालुओं को लेकर इधर से उधर पहुंचाने का काम करते हैं। इस तरह से वृंदावन में करीब पचास से अधिक बाइक चल रही हैं। यदि किसी श्रद्धालु के साथ कोई घटना हो जाती है तो वह बीच रास्ते में श्रद्धालुओं को छोड़कर भाग जाते है। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने बाइक राइडरों के खिलाफ अभियान छेड़ा तो हड़कंप मच गया। पुलिस ने ऐसे बाइक चलाने वालों के कागजात मांगें तो बहुतों ने कागजात दिखाने में असमर्थता जाहिर की, लेकिन युवकों की बाइक को बड़े सूआ से टायर और ट्यूबों को पंचर कर दिया गया। कई का चालान किया गया।




# बांके बिहारी गली में जर्जर छज्जों से हादसे का खतरा





बांकेबिहारी मंदिर को जाने वाली गली नंबर चार में जर्जर छज्जा।

## बंदरों की उछल–कूद ने बढ़ाई चिंता, गिरासू छज्जों से अब लगता है डर

**यूनिक समय, वृंदावन।** विश्व प्रसिद्ध श्री बांके बिहारी मंदिर के आसपास गली नंबर–4 में जर्जर हालत में पड़े छज्जे कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं। कुछ छज्जों की हालत बेहद खराब है। ऐसे में इन पर लगातार आने–जाने वाले बंदरों की गतिविधियां चिंता का विषय बनी हुई हैं। आशंका है कि बंदरों के छज्जों को हिलाने से कमजोर हिस्सा अचानक गिर सकता है।

श्री बांके बिहारी मंदिर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। मंदिर की आधिकारिक वेबसाइट भी दर्शनार्थियों को बंदरों से सावधान रहने की सलाह देती है। ऐसे में मंदिर क्षेत्र की संकरी गलियों में जर्जर निर्माण सुरक्षा के लिहाज से गंभीर चिंता पैदा कर सकते हैं।

गली नंबर–4 में यदि कमजोर छज्जे अचानक गिरते हैं तो नीचे से गुजर रहे श्रद्धालुओं, स्थानीय लोगों और दुकानदारों को चोट लगने का खतरा बना रहेगा। खासकर भीड़भाड़ वाले समय में किसी अप्रिय घटना की स्थिति में लोगों को सुरक्षित निकालना भी चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

बांके बिहारी मंदिर क्षेत्र में भीड़ और संकरे रास्तों को लेकर पहले से ही प्रशासनिक और व्यवस्थागत चिंताएं सामने आती रही हैं।

बावजूद इसके, संभावित खतरे को देखते हुए संबंधित विभाग द्वारा मौके का निरीक्षण कर जर्जर छज्जों की स्थिति की जांच कराना जरूरी है। समय रहते मरम्मत या आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था होने से किसी संभावित हादसे को टाला जा सकता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि जर्जर छज्जों के कारण गली से निकलने में डर लगता है।

# जमीनों की बढ़ती कीमतों से वृंदावन में बढ़ा 'गैंगवार'

**यूनिक समय, मथुरा।** मंदिरों की नगरी वृंदावन में जमीनों की बढ़ती कीमतों के साथ खाली पड़े प्लाट और लंबे समय से बंद मकान अब असामाजिक तत्वों के निशाने पर आने लगे हैं। आरोप है कि कुछ गैंग बेशकीमती जमीनों पर कब्जा करने के लिए हथियारों का इस्तेमाल कर दहशत फैला रहे हैं। फायरिंग, मारपीट और जबरन कब्जे की घटनाओं से स्थानीय लोगों में चिंता बढ़ रही है। नगर में इस तरह की करीब आधा दर्जन घटनाएं सामने आने की बात कही जा रही है।

हाल ही में दावानल कुंड क्षेत्र में एक मकान का ताला तोड़कर कब्जा करने का मामला सामने आया। आरोप है कि कब्जा करने वालों ने मकान में




एक साधु को भी बैठा दिया। मकान मालिक को इसकी जानकारी हुई तो उसने विरोध किया। आरोप है कि इस दौरान उसके साथ मारपीट की गई और मकान पर अपना अधिकार बताया गया। मामला पुलिस चौकी तक पहुंचा, लेकिन वृंदावन और जैंत थाना क्षेत्र की सीमा को लेकर कुछ समय तक उलझा रहा। बाद में पुलिस ने मामले को सुलझाया।

## बेशकीमती प्लाट और मकान बन रहे निशाना फायरिंग कर दहशत फैलाने के आरोप

स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से खाली पड़े मकान और प्लाटों के मालिक अक्सर बाहर रहते हैं। ऐसे स्थानों की जानकारी जुटाकर कुछ लोग विवाद खड़ा करने का प्रयास करते हैं।

पहले दहशत का माहौल बनाया जाता है और बाद में जमीन पर कब्जे अथवा वसूली का दबाव बनाने के आरोप लगते हैं। नगर में फायरिंग और मारपीट की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। पुलिस ने संबंधित मामलों में मुकदमे दर्ज किए हैं, लेकिन लगातार सामने आ रही घटनाओं से लोगों में भय का माहौल है। ज्ञानगुदड़ी क्षेत्र में भी फायरिंग कर दहशत फैलाने का प्रयास किए जाने की घटना सामने आई थी। पुलिस अब फायरिंग करने वाले आरोपियों की तलाश में जुटी है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि वृंदावन में जमीनों की लगातार बढ़ती कीमतों को देखते हुए पुलिस और प्रशासन को खाली पड़े मकानों और प्लाटों की निगरानी बढ़ानी चाहिए। साथ ही जमीन संबंधी विवादों में समय रहते प्रभावी कार्रवाई होने से कब्जे और रंगदारी जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकता है।



वृंदावन स्थित अटल्ला चुंगी चौराहे पर बनने वाला फ्लाई ओवर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने में सहयोग निभाएगा। मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण की ओर से कराए जाने वाले इस काम के पूर्ण होने पर लोगों को राहत मिलेगी। अटल्ला चुंगी पर बनने वाला फ्लाई ओवर कुछ ऐसे रूप में नजर आएगा। फोटो साभार—इंटरनेट मीडिया

# राधारानी डेयरी पर खाद्य विभाग का छापा, 300 किलो नकली पनीर नष्ट

**यूनिक समय, कोसीकलां।** खाद्य एवं सुरक्षा विभाग की टीम ने सोमवार को बठैन रोड स्थित राधा रानी मिल्क प्रोडक्ट डेयरी पर छापा मारा। छापे के दौरान टीम ने 300 ग्राम मिलावटी पनीर नष्ट कराया है।डेरी संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि डेयरी संचालक ब्रजेश निवासी फ्रेंडस कॉलोनी, हसनपुर चौक, होडल, जिला पलवल, हरियाणा द्वारा खाद्य और अखाद्य पदार्थों का प्रयोग कर पनीर तैयार किया जा रहा था। छापे के दौरान डेयरी से लगभग 300 किलो पनीर, 90 किलो रिफाइंड पामोलीन ऑयल, 125 किलो

## संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

स्किम्ड मिल्क पाउडर, एक किलो रानीपाल ऑप्टिकल व्हाइटनिंग एजेंट और पनीर निर्माण में प्रयुक्त होने वाला करीब 1500 लीटर मिश्रित दूध बरामद हुआ। टीम ने मौके पर ही 300 किलो नकली पनीर को नियमानुसार नष्ट कर दिया। अन्य अपमिश्रित सामग्री को डेयरी संचालक की अभिरक्षा में दे दिया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी की तहरीर पर थाना में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# खोया मोबाइल तलाश कर शेरगढ़ पुलिस ने स्वामी को सौंपा



बरामद मोबाइल को सौंपती पुलिसकर्मी।

**यूनिक समय, शेरगढ़।** थाना पुलिस ने सराहनीय कार्य करते हुए खोया हुआ मोबाइल फोन बरामद कर उसके स्वामी को सुपुर्द कर दिया। कस्बा निवासी पवन का रेडमी कंपनी का मोबाइल फोन 27 जुलाई को सरदार पटेल इंटर कॉलेज, शेरगढ़–गढ़ी भीमा रोड के पास कहीं खो गया था। मोबाइल खोने के बाद पवन ने अपने स्तर से तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मोबाइल फोन की तलाश शुरू की। पुलिस के प्रयासों से मोबाइल बरामद कर लिया गया। बरामद मोबाइल को पुलिस ने उसके स्वामी पवन के सुपुर्द कर दिया। अपना खोया मोबाइल वापस मिलने पर पवन ने थाना पुलिस का आभार जताया।

# मोबाइल पर होगी मथुरा कंप्यूटर ओलंपियाड की ऑनलाइन परीक्षा



कंप्यूटर ओलंपियाड की ऑनलाइन परीक्षा के संबंध में जानकारी देते संस्थान के प्रबंध निदेशक आशुतोष गर्ग। साथ में उद्योगपति पवन चतुर्वेदी।

**यूनिक समय, मथुरा।** जन सांस्कृतिक मंच के स्वर्ण जयंती वर्ष के तहत 23 अगस्त को रतन लाल फूल कटोरी बालिका विद्यालय में मथुरा कंप्यूटर ओलंपियाड–2026 आयोजित होगा। आयोजन की तैयारियों को लेकर डॉ. आरके चतुर्वेदी की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं। मुख्य संयोजक पवन चतुर्वेदी ने बताया कि विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और रोजगार की नई संभावनाओं की जानकारी दी जाएगी। नगर आयुक्त ओजस्वी राज विद्यार्थियों को स्वच्छ ब्रज की शपथ दिलाएंगे। तकनीकी प्रमुख आशुतोष गर्ग ने बताया कि प्रतियोगिता में अब तक 32 विद्यालयों के 834 विद्यार्थी पंजीकरण करा चुके हैं। निष्पक्ष परीक्षा के लिए कक्ष निरीक्षकों का 18 अगस्त को प्रशिक्षण होगा। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य और कंप्यूटर शिक्षक भी आमंत्रित किए गए हैं। मुख्य वक्ता जीएलए विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अनूप कुमार गुप्ता और

## 32 विद्यालयों के 834 विद्यार्थी पंजीकृत स्वच्छ ब्रज की शपथ भी दिलाई जाएगी

आईआईएलएम विश्वविद्यालय के महानिदेशक डॉ. हरिवंश चतुर्वेदी विद्यार्थियों को करियर संबंधी मार्गदर्शन देंगे। विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. नीता सिंह के सहयोग की भी सराहना की गई।

मंच के सचिव रवि प्रकाश भारद्वाज के संचालन में होने वाली तैयारियों की बैठक में परीक्षा व्यवस्था, आदि की जिम्मेदारियां निर्धारित की गयीं। इस अवसर पर सुनील आचार्य , भूपेंद्र अग्रवाल , डॉ धर्मराज, दीपक गोयल, वरिष्ठ पत्रकार किशन चतुर्वेदी, आशा गोयल, साधना भार्गव, मीनू गोयल, अंजू अग्रवाल , योगेश शर्मा , राकेश भार्गव, प्रहलाद सिंह , अरविन्द बंसल , सुरेश सैनी, हरीश अग्रवाल, उपेन्द्र चतुर्वेदी , आरआर उपाध्याय , संजय भटनागर , सौरभ चतुर्वेदी , विवेक दत्त मथुरिया, प्रणय अग्रवाल, शुभम अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

# कार ने बाइक को मारी टक्कर, युवक की मौत

**यूनिक समय, कोसीकलां।** राष्ट्रीय राजमार्ग19 पर बाईपास तिराहे के समीप सोमवार की सुबह हुए सड़क हादसे में बाइक सवार को कार ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे युवक की मौत हो गई। राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार प्रातः तेज रफ्तार से जा रही टाटा नेक्सॉन कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसा इतना भयंकर था कि बाइक सवार उछलकर सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान अनिल कुमार पुत्र सत्यप्रकाश निवासी गांव बिझौली, थाना बाह आगरा के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, दुर्घटनाग्रस्त कार को भी कब्जे में ले लिया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक कमलेश कुमार ने बताया कि परिजनों के आने के बाद तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# मायके से नहीं आई पत्नी, युवक ने यमुना में लगाई छलांग

**यूनिक समय, मथुरा।** पत्नी से विवाद के बाद एक युवक ने थाना बल्देव के कंजौली घाट पुल से यमुना में छलांग लगा ली। यमुना का बहाव तेज होने के कारण युवक का पता नहीं चल सका है। थाना बल्देव के गांव कासिमपुर निवासी अजीत सिंह का पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। बताया गया कि अजीत सिंह की शादी तीन साल पहले आगरा की एक युवती के साथ हुई थी। विवाद होने के कारण पत्नी मायके में रह रही थी। अजीत उसे लाना चाहता था, लेकिन पत्नी आने को तैयार नहीं थी। इसे लेकर अजीत सिंह बेहद परेशान था। बताया गया कि बीती रात पत्नी से फोन पर हुई कहासुनी के बाद अजीत सिंह घर से यमुना के कंजौली पुल पर जाने लगा। कुछ

## यमुना में युवक की तलाश को चलाया गया सर्च अभियान

लोगों ने उसे रोकने का प्रयास किया,लेकिन वह उन लोंगों से छूटकर कंजौली घाट के पुल की ओर भागा। अजीत पुल से यमुना में कूद गया। पता लगने पर गांव में हड़कंप मच गया। पुलिस को भी इस बारे में सूचना दी गई। युवक को तलाश करने में पुलिस-पीएसी और एसडीआरएफ की टीम और गोता खोरों ने रात में उसकी तलाश की, लेकिन उसका पता नहीं चला। यमुना में पानी का बहाव तेज होने के कारण युवक को तलाश करने में भारी परेशानी हो रही है। यमुना में सर्च अभियान जारी है।

# प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के लिए 24 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन

**यूनिक समय, मथुरा।** मत्स्य विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2020–21 से संचालित प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अंतर्गत विभिन्न परियोजनाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। योजना के तहत उपलब्ध अवशेष लक्ष्य के सापेक्ष पात्र लोगों को लाभान्वित करने के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 24 अगस्त है। योजना के अंतर्गत खारे जल में तालाब निर्माण और निवेश के लिए 33.93 हेक्टेयर क्षेत्रफल, मध्याकार आरएएस की तीन इकाइयां, रियरिंग यूनिट निर्माण के लिए 22.667 हेक्टेयर, महिला वर्ग के लिए बैकयार्ड आरएएस की 241 इकाइयां, जलाशयों में मत्स्य अंगुलिका संचय के लिए 65,000 अंगुलिकाएं, पारंपरिक मछुआरों के परिवारों की आजीविका-पोषण संबंधी सहायता के लिए 500 इकाइयों का लक्ष्य है। इनमें सामान्य, महिला, अनुसूचित जाति वर्ग के लाभार्थी तय प्रावधानों के अनुसार आवेदन कर सकते हैं।


NABH PRE ACCREDITED
अब दिल का इलाज हुआ और भी आसान, मथुरा का सबसे विश्वसनीय
QCI QUALITY COUNCIL OF INDIA Creating an Ecosystem for Quality
हृदय रोग संस्थान
प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना आयुष्मान भारत PM-JAY
आयुष्मान कार्ड धारकों का निशुल्क इलाज
अगर आप महसूस कर रहे हैं ये लक्षण तो बिना देरी किए चिकित्सीय परामर्श एवं इलाज लें
जैसेः–बेचैनी, घबराहट, सीने में जकड़न, भारीपन व दवाब महसूस होना, सांस लेने में तकलीफ या सांस फूलना, ठंडा पसीना आना, चक्कर आना, गले में घुटन सी होना, आंखों के सामने अंधेरा होना, बांऐ हाथ या कंधे में दर्द होना, गर्दन या पीठ के बीच में दर्द होना



DR. ACHAL SHARMA
DM Cardiology (KEM Mumbai)
DrNB cardiology, DNB Gen Medicine

ओ.पी.डी. प्रातः 9 बजे से सायं 4 बजे तक 24X7 आपातकालीन
फ्री ओ.पी.डी. | ई.सी.जी ब्लड शुगर की जाँच
हेल्थ इंश्योरेन्स से कैशलेस इलाज की सुविधा
भारतीय रेलवे से सम्बद्ध
ECHS की सुविधा

| TEST | MARKET RATE | OUR RATE |
|---|---|---|
| ECHO | 2500 | 1000 |
| TMT | 1500 | 500 |
| Holter | 2000 | 1500 |
| Angiography | 10000 | 7000 |
| Angioplasty | 140000 | 90000 (Stent charge Extra) |
| Pacemaker (TPI) | 15000 | 9000 |




अन्य सुविधाएं
- Angioplasty, Angiography
- Heart Failure Management
- Pediatric Cardiac Intervention/ Coarctoplasty (छाती में बिना चीरा लगाए दिल के छेद को बन्द करना) Volvuloplasties, BMV
- 2D ECHO (Adult, Pediatric, Fetal DSE, Strain, Tee)
- Cardiac ICU with all modern facilities
- Cardial Catheterization

के.डी. मेडिकल कॉलेज हॉस्पीटल एण्ड रिसर्च सेंटर
अकबरपुर, छाता, मथुरा हैल्पलाइन नं. 7055400400, 7088105741

# सावन के तीसरे सोमवार को गूंजा हर-हर महादेव


सावन के सोमवार को शहर के भूतेश्वर महादेव मंदिर में पूजा करते श्रद्धालु।


शहर के रंगेश्वर महादेव मंदिर में पूजा- अर्चना करतीं श्रद्धालु।


नाग पंचमी पर नाग पूजा करते श्रद्धालु।

## भोर से ही शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

### डाक कांवड़ियों ने गंगाजल चढ़ाकर किया जलाभिषेक

### 1100 गंगाजल पात्रों के साथ नंदगांव पहुंची आशेश्वर महादेव पदयात्रा


सावन के तृतीय सोमवार को संध्या श्रृंगार दर्शन के दौरान भूतेश्वर महादेव।


बर्फ के बंगला में विराजमान गोकर्णनाथ महादेव।

**यूनिक समय, मथुरा।** सावन के तीसरे सोमवार को कान्हा की नगरी भगवान शिव की भक्ति में सराबोर रही। भोर होते ही शहर से लेकर गांव-कस्बों तक शिवालयों में हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारे गूंजने लगे। मंदिरों में घंटे-घड़ियालों की ध्वनि और वैदिक मंत्रोच्चार से वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान महादेव का जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना की।

सुबह से ही प्रमुख शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया। हाथों में गंगाजल, बेलपत्र, धतूरा और पुष्प लेकर भक्त कतारों में खड़े दिखाई दिए। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव को गंगाजल, दूध और पंचामृत अर्पित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। मंदिरों में भगवान महादेव का आकर्षक श्रृंगार किया गया। भोलेनाथ के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं में खासा उत्साह नजर आया। डाक कांवड़ियों के जत्थे भी विभिन्न मार्गों से अपने पास के देवालयों में पहुंचे। बम-बम भोले और हर-हर महादेव के जयकारों के बीच कांवड़ियों ने शिवालयों में पहुंचकर भगवान महादेव को गंगाजल अर्पित किया। कई स्थानों पर कांवड़ियों का स्थानीय लोगों ने स्वागत किया। मंदिरों के आसपास प्रसाद और पूजन सामग्री की दुकानें भी सजी रहीं। शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों के शिव मंदिरों में भी दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ रही। गांवों और कस्बों के प्राचीन देवालयों में विशेष पूजा-अर्चना और अभिषेक किया गया। महिलाओं ने शिव-पार्वती की पूजा कर परिवार की सुख-शांति की प्रार्थना की। शहर के रंगेश्वर, भूतेश्वर समेत अन्य मंदिरों के अलावा वृंदावन के गोपेश्वर महादेव मंदिर में भी आस्था दिखी।

सावन के तीसरे सोमवार को पूरे ब्रज मंडल में सुबह से देर रात तक भक्ति का माहौल बना रहा। मंदिरों में भजनों और शिव स्तुतियों का सिलसिला चलता रहा। श्रद्धालुओं ने उपवास रखकर भगवान शिव की आराधना की। शाम को मंदिरों में दीप जलाए गए और विशेष आरती की गई। चारों ओर हर-हर महादेव के जयघोष से ऐसा लगा मानो पूरी कान्हा नगरी शिवमय हो गई हो।

**कोसीकलां।** श्रावण के तीसरे सोमवार को आस्था का सैलाब उमड़ा। नगर से 11वीं आशेश्वर महादेव पदयात्रा श्रद्धालुओं के जयकारों के साथ नंदगांव के लिए रवाना हुई।

भगवती मंदिर से सुबह शुरू हुई पदयात्रा में 1100 शिवभक्तों ने देवप्रयाग और हरकी पौड़ी से लाया गया पवित्र गंगाजल सिर पर धारण किया। शुभारंभ भाजपा नेता तरुण सेठ और उनकी पत्नी सीमा सेठ ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच किया। धर्म पताकाएं, डीजे पर भजन और बम-बम भोले के नारों के बीच पदयात्रा सब्जी मंडी, मुख्य बाजार, बलदेवगंज, घंटाघर होते हुए पुराने जीटी रोड से नंदगांव स्थित आशेश्वर महादेव मंदिर पहुंची। मंदिर में पहुंचते ही 1100 गंगाजल पात्रों से एक साथ महाजलाभिषेक किया गया। पदयात्रा में शामिल भक्तों का नंदगांव रोड पर भाजपा नेता डॉ. अमर सिंह पोनिया ने कार्यकर्ताओं के साथ स्वागत किया, सभी को प्रसाद वितरित किया। यात्रा में कन्हैया मंगला, यादराम मैथिल, बिहारी लाल, मनोज भारद्वाज, लोकेश मुच्छड़, हेमंत पंजाबी सहित सैकड़ों श्रद्धालु शामिल रहे।

## सोमवार को हुआ भजन संध्या का आयोजन

**यूनिक समय,छाता।** कस्बा में सावन के तीसरे सोमवार को रत्नेश्वर महादेव मंदिर पर महिला मंडल द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया। निहारिका शर्मा ने बताया पवित्र सावन मास में हरियाली छटा में शिव-पार्वती का श्रृंगार और सावन की मल्हार, नृत्य कार्यक्रम किए गए। इस मौके पर ललिता शर्मा, आराधना वार्ष्णेय, शांति देवी, रानी गुप्ता, लक्ष्मी सिंह, बबली वार्ष्णेय, भूमि आदि उपस्थित रहीं।

## नाग पंचमी पर पूजे गए नागदेव

**यूनिक समय, मथुरा।** सोमवार को शहर के जनरल गंज स्थित सुभाष इंटर कॉलेज के पास नाग टीला मंदिर में नाग पंचमी पर श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई। श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर नाग देवता की पूजा की और दूध, पुष्प, जल और प्रसाद अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। नाग पंचमी को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। मंदिर परिसर में दिनभर पूजा-अर्चना का दौर चलता रहा। महिलाओं और बच्चों ने भी बड़ी संख्या में मंदिर पहुंचकर दर्शन किए। श्रद्धालुओं ने नाग देवता से परिवार की खुशहाली, स्वास्थ्य और समृद्धि की प्रार्थना की। पर्व को लेकर मंदिर परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहा। वहीं, घरों में भी काले कोयला से नाग की आकृति बनाकर पूजा की गई।

## पान के हिंडोले में विराजे राजाधिराज

**यूनिक समय, मथुरा।** पुष्टिमार्ग संप्रदाय के प्रसिद्ध ठाकुर द्वारकाधीश मंदिर में सावन मास के दौरान ठाकुर जी को विभिन्न घटाओं और हिंडोलों में विराजमान कराने की परंपरा निभाई जा रही है।

सोमवार को राजाधिराज ठाकुर द्वारकाधीश पान के हिंडोले में विराजमान हुए और भक्तों को दर्शन दिए। मंदिर के मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी ने बताया कि मंदिर के सभी कार्यक्रमों का निर्धारण मंदिर के गोस्वामी वागीश कुमार द्वारा किया जाता है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को संध्या उद्यापन के दर्शन शाम पांच बजे से खुलेंगे। इसके बाद शयन के दर्शन शाम सात बजे से आठ बजे तक होंगे। इस दौरान ठाकुर जी गुलाबी घटा में विराजमान होकर भक्तों को दर्शन देंगे।


पान के हिंडोले में विराजमान राजाधिराज।

# सम्मान पाकर 417 मेधावी विद्यार्थियों के खिले चेहरे

### मेधावी विद्यार्थियों को कंप्यूटर, लैपटॉप और स्मार्टफोन मिले

### विद्या को सबसे अनमोल धन बताकर मेहनत की दी सीख


सर्वोदयी ब्राह्मण विकास संस्थान मेधावी सम्मान सम्मान समारोह में पुरस्कृत विद्यार्थी, अतिथि और आयोजक।

**यूनिक समय, मथुरा।** सर्वोदयी ब्राह्मण विकास संस्थान की ओर से चित्रकूट मसानी पर 44वां मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 417 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। पुरस्कार और सम्मान पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के अभिभावकों और समाज के लोगों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।

शुभारंभ पूर्व मंत्री विधायक श्रीकांत शर्मा, स्वामी रामदेव नंद, डॉ. देवेंद्र शर्मा, शोभाराम शर्मा, कृष्ण कुमार शर्मा मुन्ना भैया, अनिल कौशिक, रोहित सर्राफ, घनश्याम हरियाणा, चेतन स्वरूप पाराशर, पंकज शर्मा एडवोकेट, सोहनलाल शर्मा, नारायण प्रसाद शर्मा, डॉ. जमुना शर्मा, विनीत शर्मा, शशि शर्मा, विजय रिडवा, पीपी शर्मा, मुकट मनी शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर मां सरस्वती और भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित करके किया। संचालिका शशि शर्मा और कीर्ति शर्मा ने मां शारदे वंदना कराई। विद्यार्थियों ने वंदे मातरम और राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया। शशांक पाठक और सहयोगियों ने स्वस्ति वाचन किया।

दिवाकर आचार्य ने संस्था की ओर से वर्षभर आयोजित कार्यक्रमों और सामाजिक गतिविधियों की रूपरेखा प्रस्तुत की। सम्मान समारोह में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मान पत्र, मेडल, पटका, मिठाई, स्मारक पत्रिका और पंचांग प्रदान किए गए। हाईस्कूल की रिया शर्मा और तन्मय शर्मा को दो डेस्कटॉप कंप्यूटर दिए गए। शांति देवी मेमोरियल सेवा ट्रस्ट की ओर से इंटरमीडिएट के भूमि उपाध्याय और शिवांगी शर्मा को लैपटॉप प्रदान किए गए। इसके अलावा 13 मेधावी विद्यार्थियों को स्मार्टफोन देकर प्रोत्साहित किया गया।

कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों ने लॉटरी में हिस्सा लिया। लॉटरी के माध्यम से रिचा शर्मा को स्मार्टफोन प्रदान किया गया। स्वामी रामदेवनंद ने विद्यार्थियों को देश की धरोहर बताते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया। पूर्व मंत्री श्रीकांत शर्मा ने कहा कि विद्यार्थी मोबाइल का उपयोग केवल पढ़ाई और ज्ञान बढ़ाने के लिए करें। उन्होंने मन को एकाग्र रखने के लिए भजन और सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ने की सलाह दी।

डॉ. देवेंद्र शर्मा ने कहा कि विद्या ऐसा धन है, जिसे कोई चुरा नहीं सकता। मेहनत के बल पर विद्यार्थी जीवन में सफलता हासिल कर सकते हैं। संस्था के सचिव नारायण प्रसाद शर्मा ने सहयोगियों का आभार जताते हुए कहा कि मेधावी विद्यार्थियों को आगे भी प्रोत्साहित किया जाता रहेगा। समारोह में मुरलीधर शर्मा, बिहारी लाल गोस्वामी, हीरालाल मैथिल, राकेश गौड़, सुरेंद्र मुकुट वाले, श्यामा चरण गोस्वामी, ललित गोस्वामी, नीतू सिंह, पन्नालाल शर्मा, रामगोपाल शर्मा, माधुरी शर्मा, रुचि द्विवेदी, ममता भारद्वाज, विवेक उपाध्याय, पंकज शर्मा, महेंद्र दत्ताचार्य, राजकुमार गौतम, कन्हैया लाल शर्मा, भगवान साहू, अनुराग पाठक, विपिन और कृष्ण मुरारी दीक्षित सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# जाम में फंसे वाहन


सोमवार को भूतेश्वर तिराहे तक लगे जाम में फंसे वाहन।

### नए बस स्टैंड से भूतेश्वर तक रहा घंटों जाम

### रेंग-रेंग कर निकले जाम में फंसे वाहन

**यूनिक समय, मथुरा।** शहर में लगने वाले जाम से लोगों को सोमवार को परेशानी का सामना करना पड़ा। जाम में फंसे वाहन को रेंग-रेंग कर चलना पड़ा। जाम खुलवाने के लिए ट्रैफिक पुलिस को भी भारी मशक्कत करनी पड़ी।

शहर में नए बस स्टैंड से लेकर भूतेश्वर चौराहे तक वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। जाम के चलते वाहनों को इस इलाके से रेंग-रेंग कर गुजरना पड़ा। अचानक स्टेट बैंक चौराहे पर वाहनों का दबाव बढ़ गया। इसके चलते पुल के नीचे दोनों ओर से आने वाले वाहनों के चलते जाम लग गया। इसके बाद महोली रोड से आने वाले वाहनों और बस अड्डे के समीप खड़े होने वाले ऑटो और ई-रिक्शा के चलते वाहन जाम में फंस गए। इसके चलते बीएसए के कट पर भी आने बीएसए की ओर से आने वाले वाहनों को जल्दी निकालने के चक्कर में सड़क पर वाहन फंस गए। स्टेट बैंक से भूतेश्वर तक लगने वाले जाम को देख इन स्थानों पर ड्यूटी करते ट्रैफिक पुलिस कर्मियों के हाथ-पांव फूल गए। ट्रैफिक पुलिस के दरोगा सहित अन्य पुलिस कर्मियों ने ट्रैफिक को कंट्रोल कर जाम में फंसे वाहनों को निकलवाया। जाम के चलते लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

# जीएलए ग्रेटर नोएडा कैंपस में धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस



जीएलए विश्वविद्यालय ग्रेटर नोएडा कैंपस में ध्वजारोहण करते प्रतिकुलपति प्रो. दिवाकर भारद्वाज।

**यूनिक समय, मथुरा।** जीएलए विश्वविद्यालय ग्रेटर नोएडा कैंपस में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। प्रतिकुलपति प्रो. दिवाकर भारद्वाज ने ध्वजारोहण किया। विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुति दी।

प्रतिकुलपति प्रो. दिवाकर भारद्वाज ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान की याद दिलाता है। जीएलए विश्वविद्यालय ग्रेटर नोएडा कैंपस युवाओं को राष्ट्र निर्माण की भावना के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और आधुनिक ज्ञान प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। विद्यार्थियों को तकनीक, नवाचार और शोध के माध्यम से देश की प्रगति में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। हमारा संकल्प है कि जीएलए के विद्यार्थी विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

## उचित दर विक्रेताओं को मिला अतिरिक्त लाभांश

**यूनिक समय, छाता।** खंड विकास कार्यालय में सोमवार को उचित दर विक्रेताओं के लिए कार्यक्रम आयोजित हुआ। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में पात्र कोटेदारों को अतिरिक्त लाभांश वितरित किया गया। मंत्री प्रतिनिधि नरदेव चौधरी ने बताया कि प्रदेश सरकार जनहित और समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। इस मौके पर उपजिलाधिकारी, पूर्ति निरीक्षक छाता, विकास खंड अधिकारी सहित स्थानीय लोग मौजद रहे।

# बिजली चोरी के खिलाफ छापा 63 मामलों में एफआईआर

### 136 किलोवाट बिजली चोरी पकड़ी, सदर बाजार समेत कई इलाकों में चला अभियान



बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाते विद्युत विभाग के अधिकारी।

**यूनिक समय, मथुरा।** बिजली चोरी पर रोक लगाने के लिए विद्युत विभाग ने सोमवार को जिले में चेकिंग अभियान चलाया। मुख्य अभियंता, मथुरा क्षेत्र, दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के निर्देशन में विभागीय टीमों ने औरंगाबाद, रहीमपुर, कोसी टाउन, मांट और गोवर्धन क्षेत्र में सघन जांच की। सिहोरा क्षेत्र में विजिलेंस टीम के साथ संयुक्त रूप से अभियान चलाया गया। सदर बाजार क्षेत्र में भी चेकिंग की गई।

अभियान के दौरान विद्युत कनेक्शन, मीटर, सर्विस केबल, विद्युत लाइन और परिसरों की जांच की गई। जांच में बिजली चोरी के 63 मामले पकड़े गए। एफआईआर दर्ज कराई गई। इन मामलों में 136 किलोवाट का विद्युत भार चोरी करते हुए पाया गया। विभाग ने बिजली चोरी की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों और हाई लॉस फीडरों को चिन्हित किया है। इन क्षेत्रों में लगातार विशेष चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। विद्युत विभाग अधिकारियों ने कहा कि वैध कनेक्शन और स्वीकृत भार के अनुसार ही बिजली का इस्तेमाल करें। बिजली चोरी या किसी तरह की अनियमितता मिलने पर विद्युत अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## कोसी पुलिस ने पकड़े दो शातिर चोर

**यूनिक समय, कोसीकलां।** कोसीकलां पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनसे चोरी के पंद्रह हजार रुपये और देशी तमंचा कारतूस चाकू और एक बाइक बरामद की है।

चौकी प्रभारी कोटवन उत्तम चौहान फैक्ट्री एरिया स्थित केनरा बैंक के समीप जाने वाले रास्ते पर चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच वहां से गुजरते बाइक सवार दो संदिग्ध युवकों को पुलिस ने रोक लिया। तलाशी करने पर एक के पास देशी तमंचा कारतूस और दूसरे के पास से चाकू मिला। पुलिस ने की गई पूछताछ में युवकों ने एक ने अपना नाम अजय निवासी मामापुर,कायम गंज जनपद फर्रूखाबाद, दूसरे ने गौरव निवासी महरूपुर राबी थाना कमाल गंज जिला फर्रुखाबाद बताया। पुलिस को गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि उन्होंने एक जुलाई 2026 को गांव सुरवारी में एक दुकान से एक लाख रुपये चोरी किए थे। उनसे पुलिस ने 15 हजार रुपये भी बरामद किए हैं जो उसी चोरी के हैं।

## वेट लिफ्टिंग चैंपियनशिप में 80 युवाओं ने दिखाया दमखम



प्रतियोगिता में सहभागिता करते युवा।

**यूनिक समय, चौमुहां।** जीएलए यूनिवर्सिटी के सामने स्थित डायनामिक फिटनेस हब में वेट लिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में शामिल करीब 80 युवाओं ने उत्साहपूर्वक अलग-अलग भार वर्गों में अपनी ताकत और प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

आयोजकों की ओर से प्रतियोगिता को तीन भार वर्गों में विभाजित किया गया था। पहली कैटेगरी 50 से 67 किलोग्राम, दूसरी कैटेगरी 67.5 से 77.5 किलोग्राम और तीसरी कैटेगरी 77.6 किलोग्राम से अधिक भार वर्ग के प्रतिभागियों के लिए रखी गई थी। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों ने निर्धारित भार उठाकर अपनी शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन किया। पहली कैटेगरी में सचिन ने प्रथम, राघव ने द्वितीय और नितिन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। दूसरी कैटेगरी में शिवम ने प्रथम, देवा ठाकुर ने द्वितीय और युवराज ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं तीसरी कैटेगरी में प्रवीण ने प्रथम, नवीन ने द्वितीय और निकेश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। समापन पर विजेता प्रतिभागियों को मेडल और प्रोटीन गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। जिम संचालक शिवम ठाकुर ने बताया कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य युवाओं को फिटनेस, व्यायाम और खेलों के प्रति जागरूक करना है। इस अवसर पर संजय ठाकुर, गौरव सिसोदिया, सचिन ठाकुर, संदीप, गोपाल पहलवान, जीतू सिसोदिया, धीरज सिसोदिया, मनीष, पंकज आदि उपस्थित रहे।

## नाबालिग से दुष्कर्म का 72 वर्षीय आरोपी गिरफ्तार

**यूनिक समय, रिफाइनरी।** थाना पुलिस ने नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे 72 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को सोमवार को न्यायालय में पेश किया गया। थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी निवासी महिला ने थाना में तहरीर दी थी। बताया कि कि 15 अगस्त को दोपहर करीब 3:10 बजे उनकी नाबालिग बेटी दुकान से ब्रेड लेने जा रही थी। कॉलोनी के पार्क में बैठे विशम्भर दयाल ने बच्ची को अपने पास बुलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। जानकारी मिलने पर परिजनों ने आरोपी को पकड़कर 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी, लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपी का बेटा योगेश पिता को मोटरसाइकिल पर बैठाकर भगा ले गया था। आरोपित को गिरफ्तार करने में प्रभारी निरीक्षक अजय कौशल, निरीक्षक अपराध प्रमोद कुमार शर्मा, उप निरीक्षक विक्रांत तोमर आदि शामिल रहे।

# भक्ति और उल्लास से सजा झूला महोत्सव

**यूनिक समय,मथुरा।** सावन की हरियाली और श्रीराधा-कृष्ण की भक्ति के बीच बृज सेवा फाउंडेशन द्वारा झूला महोत्सव का आयोजन श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया। महोत्सव में राधा-कृष्ण के मनोहारी झूला दर्शन, भजन-संकीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए।

सुहानी गोयल ने माता यशोदा और उनके सुपुत्र आरव ने श्रीकृष्ण के स्वरूप में मनमोहक प्रस्तुति दी। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में नम्रता अग्रवाल, पलक, सोना, दीपिका,गरिमा,योगिता, नेहा ने किए। कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि झूला महोत्सव केवल धार्मिक अयोजन नहीं है बल्कि ब्रज की परंपरा है। कार्यक्रम में चारू, भरत भूषण, माधव,रिया अग्रवाल, नीरज तायल, आशीष, अमर,चंद्र शेखर, मनोज, अमित, राहुल बंसल, अनूप अग्रवाल, नितिन बगिया, खुशबू, अनिशा, पलक, नूपुर, बबीता, शोभा, सुहानी, श्वेता आदि उपस्थित रहे।



हरियाली तीज पर झूला महोत्सव मनाती हुई बृज सेवा फाउंडेशन की सदस्य।

## उचित दर विक्रेताओं का कमीशन बढ़ा, मथुरा के 819 को लाभ

**यूनिक समय, मथुरा।** लखनऊ के लोकभवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उचित दर विक्रेताओं के लिए नई ई-पॉस आधारित कोटेदार कमीशन प्रणाली का शुभारंभ किया। इसके तहत प्रदेश के 78 हजार से अधिक उचित दर विक्रेताओं का कमीशन 90 रुपये से बढ़ाकर 125 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया। साथ ही सिंगल स्टेज डोर-स्टेप डिलीवरी के अंतर्गत ई-पॉस आधारित उचित दर विक्रेता फीडबैक प्रणाली भी शुरू की गई। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जिले की पांचों विधानसभाओं में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और उचित दर विक्रेताओं ने देखा। कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम चंद्र प्रकाश सिंह, एडीएम नमामि गंगे नंद प्रकाश मौर्या, एसडीएम सदर मोहित कुमार समेत कोटेदार मौजूद रहे। डीएम ने बताया कि जिले के 819 उचित दर विक्रेता बढ़े हुए कमीशन से लाभान्वित होंगे। महावन, छाता, मांट और गोवर्धन तहसीलों में भी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने प्रसारण देखा।

# सावन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में विद्यार्थियों ने दिखाई रचनात्मक प्रतिभा

### मेहंदी, पारंपरिक परिधान और क्ले आर्ट में दिखा हुनर



संस्थान के निदेशक प्रो. (डॉ.) हिमांशु चोपड़ा के साथ विजेता प्रतिभागी।

**यूनिक समय, मथुरा।** राजीव एकेडमी फॉर फार्मेसी में छात्र-छात्राओं के बीच प्रेम, सौहार्द और पारिवारिक वातावरण विकसित करने के उद्देश्य से 'सावन के रंग, हरियाली के संग' प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने पारम्परिक कला, रचनात्मकता और सांस्कृतिक प्रतिभा का प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। विजेता और उपविजेता विद्यार्थियों को संस्थान के निदेशक प्रो. (डॉ.) हिमांशु चोपड़ा ने सम्मानित किया।

प्रतियोगिता की थीम 'परम्परा, संस्कृति और रचनात्मकता का उत्सव' रखी गई। विभिन्न शैक्षणिक वर्षों के विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। तीज मेहंदी उत्सव में खुशी सिंह ने प्रथम, भावना ने द्वितीय और गार्गी गौतम और धीरज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

रंग-ए-सावन पारम्परिक परिधान प्रतियोगिता में योगिता सिंह और हर्ष बंसल की जोड़ी प्रथम रही। गार्गी गौतम और गुलशन कुमार ने दूसरा, शिवानी सैनी और कृतज्ञ ने तीसरा स्थान हासिल किया। सावन क्ले आर्ट प्रतियोगिता में धीरज ने प्रथम, योगिता सिंह ने द्वितीय, अंजु-प्रियंका और नीलम-सोनिया ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता शिक्षक मनु शर्मा, कुलदीप सिंह और लक्ष्मीकांत की देखरेख में हुई। विद्यार्थियों ने कहा कि ऐसे आयोजन उन्हें अपनी संस्कृति से जोड़ने के साथ नई रचनात्मक सीख भी देते हैं। निदेशक प्रो. (डॉ.) हिमांशु चोपड़ा ने कहा कि फार्मेसी जैसे तकनीकी क्षेत्र में अध्ययन के बावजूद विद्यार्थियों ने अपनी सांस्कृतिक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने सक्रिय सहभागिता को पुरस्कार से अधिक महत्वपूर्ण बताया। आरके एज्यूकेशनल ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. रामकिशोर अग्रवाल ने कहा कि सांस्कृतिक गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। प्रबंध निदेशक मनोज अग्रवाल ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

## निर्धन कन्या को कन्यादान में दिए बर्तन

**यूनिक समय, राया।** समाज सेवा और मानवता का परिचय देते हुए समाजसेवी रक्तदाता फाउंडेशन के संस्थापक अमित गोयल ने एक गरीब परिवार की बेटी के विवाह में आगे आकर मदद का हाथ बढ़ाया है। अमित की ओर से निर्धन कन्या के विवाह के लिए आवश्यक बर्तन और अन्य गृहस्थी का सामान उपहार स्वरूप भेंट किया गया है।

**सार्वजनिक सूचना**

मैं अनंत शर्मा पुत्र अतुल शर्मा निवासी कृष्णापुरी मथुरा उ.प्र. सूचित करता हूँ कि मेरी पुत्री का जन्मप्रमाण में नाम गलती से कुमुद शर्मा दर्ज हो गया है, जबकि पुत्री का वास्तविक सही नाम अक्क्षा शर्मा है, भविष्य में मेरी पुत्री को अक्क्षा शर्मा के नाम से जाना व पढा व लिखा जायेगा।

**यूनिक समय**

स्वामी पवन गौतम के लिए राजकुमार गौतम द्वारा दैनिक यूनिक समय, 6 शंकर विहार, कृष्णा नगर मथुरा 281004 से प्रकाशित एवं बालाजी ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस कृष्णा नगर, मथुरा से मुद्रित।

**कार्यालयः**- यूनिक बिल्डिंग, 289-290 डायबिल नगर, कृष्णा नगर चौक, मथुरा।

संपादक-पवन गौतम

**फोन नंबर-0565-3550761**

**मो. 9837155888**

E-mail : uniquesamaynews@gmail.com

website : uniquesamay.com

RNI-UPHIN/2023/85053

DAVP-: 134220

डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026-28

सभी विवादों का न्यायालय स्थान मथुरा होगा।

# टैंकरों के भरोसे फरह की प्यास घर–घर पानी का संकट


सोमवार सुबह टैंकर से पानी भरतीं महिलाएं।

### 45 साल से नहीं आया पानी

कस्बा के मुहल्ला चटसाल में एक गली तो ऐसी है, जहां नगर पंचायत का पाइप लाइन वाला पानी करीब 45 साल से नहीं आया है। सभासद और चेयरमैन केवल पीने के पानी को लेकर गाल बजाते रहते हैं, यहां के लोग तो आरओ पानी और टैंकरों से पानी खरीदकर ही काम चलाते हैं। लोगों का कहना है कि कई स्थानों पर पाइप लाइन फटने से उनको प्रदूषित पानी मिल रहा है, जो पीने योग्य नहीं है। ऐसे पानी का उपयोग केवल सफाई के लिए होता है।

**यूनिक समय, फरह।** कस्बे में गर्मी और उमस के बीच पेयजल संकट ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। नगर पंचायत क्षेत्र के कई मोहल्लों में मीठे पानी की आपूर्ति नहीं होने के कारण लोगों को टैंकरों का सहारा लेना पड़ रहा है। हालात यह हैं कि सुबह होते ही पानी के टैंकर पहुंचते हैं तो महिलाएं और बच्चे खाली बर्तन लेकर उनके पीछे दौड़ते नजर आते हैं। कस्बा के सभी परिवारों को अपनी जरूरत का पानी खरीदकर प्यास बुझानी पड़ रही है।

### करोड़ों खर्च होने के बाद भी नहीं सुधरी पेयजल व्यवस्था

### सुबह होते ही खाली बर्तन लेकर टैंकरों के पीछे दौड़ते हैं लोग

स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्षों से पेयजल समस्या दूर करने के नाम पर योजनाएं बनाई जाती रही हैं। पाइप लाइन बिछाने और पेयजल व्यवस्था सुधारने पर करोड़ों रुपये खर्च हो गए, लेकिन धरातल पर स्थिति जस की तस बनी हुई है। कई स्थानों पर पाइप लाइन होने के बावजूद घरों तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंच रहा है। कहीं पानी आता भी है तो लोग उसका उपभोग पीने के लिए नहीं करते हैं।

पानी के लिए टैंकर आने की सूचना मिलते ही लोगों की भीड़ जमा हो जाती है। एक–एक बाल्टी पानी के लिए लोगों को जद्दोजहद करनी पड़ती है। महिलाओं का कहना है कि घर के दूसरे काम छोड़कर उन्हें पानी भरने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ता है। लोगों का आरोप है कि नगर पंचायत चुनाव के दौरान पेयजल समस्या के स्थायी समाधान के बड़े–बड़े दावे किए गए थे, लेकिन जिम्मेदारी मिलने के बाद जनप्रतिनिधि भी इस गंभीर समस्या पर चुप्पी साधे बैठे हैं। लोगों का कहना है कि जब नगर, राज्य से लेकर केंद्र तक एक ही सरकार के तीनों इंजन होने का दावा किया जाता है, तब भी फरह की प्यास क्यों नहीं बुझ रही, यह समझ से परे है।

कस्बावासियों ने प्रशासन से मांग की है कि मीठे पेयजल आपूर्ति की स्थायी व्यवस्था की जाए। लोगों का कहना है कि उन्हें पानी के लिए पैसे खर्च करने और सुबह–सुबह खाली बर्तन लेकर भटकने से निजात दिलाई जाए।

# अनाधिकृत कॉलोनी की बाउंड्रीवॉल और सड़क ध्वस्त


हाईवे पर अवैध कॉलोनी की सड़कों को ध्वस्त करती जेसीबी।

**यूनिक समय, मथुरा।** केडी मेडिकल कॉलेज के सामने एनएच–19, छाता स्थित अनाधिकृत कॉलोनी के खिलाफ मथुरा–वृंदावन विकास प्राधिकरण ने सोमवार को ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम ने कॉलोनी की बाउंड्रीवॉल और सड़क को ध्वस्त कर दिया।

अर्थ हाउसिंग एलएलपी कंपनी द्वारा विनय कुमार चौहान और राकेश चौधरी के माध्यम से करीब 15 हजार वर्ग मीटर क्षेत्रफल में बिना स्वीकृति 'वशुधारा वैशली' नाम से कॉलोनी विकसित की जा रही थी।

प्रकरण में सुनवाई के बाद प्राधिकरण ने 17 जून 2026 को ध्वस्तीकरण के आदेश जारी किए थे। निर्धारित अवधि में अनाधिकृत निर्माण नहीं हटाए जाने पर सोमवार को प्राधिकरण की टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। यह कार्रवाई उपाध्यक्ष के निर्देशन में सचिव के नेतृत्व में प्रवर्तन दल द्वारा की गई।

## गोवर्धन परिक्रमा में महिला श्रद्धालु की मौत

**यूनिक समय, मथुरा।** गोवर्धन की परिक्रमा करने आई इंदौर की महिला श्रद्धालु की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। परिक्रमा के दौरान भोजन करते समय वह अचानक बेहोश होकर गिर पड़ीं। परिजन तत्काल उन्हें उपचार के लिए सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों के अनुसार, महिला की मौत हृदय गति रुकने से हुई।

जानकारी के अनुसार इंदौर के खेम कवर गौरी नगर निवासी महिला अपने परिजनों के साथ गोवर्धन परिक्रमा के लिए आई थीं। उनके भांजे गजेंद्र सिंह ने बताया कि परिक्रमा के दौरान सभी लोग भोजन कर रहे थे। इसी दौरान अचानक महिला की तबीयत बिगड़ गई और वह बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ीं। परिजनों ने उन्हें संभालते हुए तत्काल सरकारी अस्पताल पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने जांच की, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। चिकित्सकों ने हृदय गति रुकने को मृत्यु का कारण बताया। घटना के बाद परिजनों में शोक छा गया।

## दौलतपुर गांव में हुई मारपीट

**यूनिक समय, सुरीर,मथुरा।** थाना नौहझील के गांव दौलतपुर में एक पीड़ित सैनिक के घर पर ग्राम प्रधान ने परिवार के कुछ लोगों के साथ कथित रूप से लाठी–डंडे लेकर पहुंच गए। आरोप है कि घर के दरवाजे पर मौजूद महिलाओं के साथ मारपीट की गई। झगड़े का वीडियो वायरल हो रहा है।

पीड़ित पक्ष का आरोप है कि ग्राम प्रधान भंवर सिंह और उनके साथ आए लोगों ने घर पर पहुंचकर अभद्रता करते हुए लाठी–डंडों से हमला कर मारपीट की। घटना के बाद परिवार में दहशत का माहौल है। पीड़ित सैनिक के परिवार ने नौहझील पुलिस से मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# सोलह श्रृंगार और संस्कृति के रंग में सजा तीज उत्सव


सपना सिंघल को सम्मानित करते भारत विकास परिषद के पदाधिकारी

**यूनिक समय, मथुरा।** भारत विकास परिषद ने हरियाली तीज महोत्सव और स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया। संस्थापक सचिन अग्रवाल, अध्यक्ष डॉ. सुधीर गर्ग, चेयरमैन धर्मवीर अग्रवाल, सचिव आलोक जैन सहित पदाधिकारियों ने मां भारती और स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

समारोह में युगल नृत्य और महिलाओं की सामूहिक नृत्य प्रस्तुतियों ने माहौल को रंगीन बना दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण शहीद उधम सिंह के जीवन पर आधारित नाट्य मंचन रहा। बच्चों ने शानदार अभिनय के माध्यम से उधम सिंह के संघर्ष और देशप्रेम को जीवंत कर दिया। प्रस्तुति की अतिथियों और सदस्यों ने सराहना की।

संस्थापक सचिन अग्रवाल ने कहा कि देश की आजादी में क्रांतिकारियों और वीर सपूतों के बलिदान की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उधम सिंह ने जलियांवाला बाग हत्याकांड का बदला लेकर अपने संकल्प को पूरा किया। हरियाली तीज की परंपराओं, भारतीय संस्कृति और सोलह श्रृंगार के आधार पर आयोजित तीज क्वीन प्रतियोगिता में वृंदावन निवासी सपना सिंघल विजेता रहीं। उन्हें तीज क्वीन की उपाधि प्रदान की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में परिषद के सदस्य और उनके परिवार शामिल हुए।

# डीएम–एसएसपी ने छाता तहसील में सुनीं समस्याएं



छाता तहसील में शिकायत सुनते डीएम सीपी सिंह, एसएसपी श्लोक कुमार।

**यूनिक समय, छाता।** तहसील परिसर के सभागार में सोमवार को डीएम चंद्र प्रकाश सिंह, एसएसपी श्लोक कुमार की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। 70 शिकायतें दर्ज हुईं।

### गोवर्धन में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर आईं 35 शिकायतें

डीएम ने संबंधित अधिकारियों को तय समय–सीमा के अंदर शिकायतों को समय से निस्तारण करने को निर्देश दिए। डीएम ने बताया कि अधिकांश शिकायतें निजी जमीनों की पैमाइश से जुड़ी हुई थीं। इस मौके पर एसडीएम अखिलेश कुमार, सीओ भूषण वर्मा, तहसीलदार सचिन पॉवर समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

वहीं, तहसील गोवर्धन में समाधान दिवस में 35 शिकायती प्रार्थना पत्र आए। नौ शिकायतें पुलिस से संबंधित थी। एसपी ग्रामीण सुरेश चंद रावत ने चार शिकायतों को मौके पर निस्तारित कराया। इस दौरान एसडीएम सुशील कुमार, सीओ अनिल कुमार सिंह भी उपस्थित रहे।

# 80 लाख की लागत से बनने वाली सड़क का मंत्री ने किया शिलान्यास

**यूनिक समय, कोसीकलां।** सोमवार को गांव महराना में लगभग 80 लाख रुपये की लागत से बनने वाले महराना बाईपास मार्ग का केबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण और मंत्री प्रतिनिधि नरदेव चौधरी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच नारियल फोड़कर कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर चौधरी लक्ष्मीनारायण ने कहा कि भाजपा सरकार में बिना भेदभाव के प्रदेश के हर गांव और हर गरीब तक विकास पहुंच रहा है। पहले सड़कें, बिजली और कानून–व्यवस्था के लिए लोग तरसते थे, लेकिन आज डबल इंजन की सरकार में उत्तर प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। कार्यक्रम के दौरान सम्मानित ग्रामवासियों ने फूल–मालाओं से मंत्री और अतिथियों का स्वागत किया। ग्रामवासियों ने लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी होने पर खुशी व्यक्त की।

# संस्कृत सप्ताह में होंगे विविध कार्यक्रम



संस्कृत भारती की बैठक में विचार रखते जिलाध्यक्ष आचार्य ब्रजेन्द्र नागर।

**यूनिक समय, मथुरा।** संस्कृत भारती की ओर से जनपद में 25 से 31 अगस्त तक संस्कृत सप्ताह मनाया जाएगा। इसके तहत संस्कृत भाषा के प्रचार–प्रसार और आमजन में देववाणी संस्कृत के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

कार्यक्रमों को लेकर संस्कृत भारती की बैठक सरस्वती शिशु मंदिर दीनदयाल नगर में हुई। ज्योतिषाचार्य पंडित कामेश्वर नाथ चतुर्वेदी ने श्रावण पूर्णिमा के ऐतिहासिक-सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्राचीन ऋषि परंपरा में गुरुकुलों और विद्यालयों में वेद, पुराण और शास्त्रों का अध्ययन–अध्यापन श्रावण पूर्णिमा से शुरू किया जाता था। इस दिन रक्षाबंधन, श्रावणी उपाकर्म, गायत्री जयंती और विश्व संस्कृत दिवस भी मनाया जाता है। संस्कृत भारती ब्रजप्रांत न्यास के सचिव गंगाधर अरोड़ा, पत्राचार प्रमुख गणेश शंकर पांडेय और बृजेश शर्मा ने कहा कि संस्कृत भाषा के प्रति जनसाधारण में आकर्षण पैदा करने के साथ प्राचीन संस्कृति, सभ्यता और परंपराओं को सुरक्षित रखने के लिए आयोजन किए जाएंगे।

संस्कृत भारती के जिलाध्यक्ष आचार्य ब्रजेन्द्र नागर ने बताया कि भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने वर्ष 1969 में श्रावण पूर्णिमा पर विश्व संस्कृत दिवस मनाने की घोषणा की थी। इसी क्रम में इस वर्ष 25 से 31 अगस्त तक संस्कृत सप्ताह आयोजित होगा। बैठक में जागरूकता शोभायात्रा, विद्यालयों में संस्कृत श्लोक, सुभाषित और गीता पाठ प्रतियोगिता, संस्कृत भाषण और निबंध लेखन प्रतियोगिता, विद्वत गोष्ठी, विद्वानों के सम्मान सहित कई कार्यक्रम तय किए गए। प्रचार प्रमुख रामदास चतुर्वेदी शास्त्री ने कहा कि प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया जाएगा। बैठक का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। हरस्वरूप यादव ने संस्कृत ध्येय मंत्र का पाठ किया।

# जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन बचाने में सहायक होता है रक्तदान


रक्तदान शिविर में मौजूद आयोजक और सहयोगी।

**यूनिक समय, शेरगढ़।** कस्बा में समाजसेवी बांकेलाल गर्ग ने अपनी पत्नी की प्रथम पुण्य तिथि पर रक्तदान शिविर आयोजित कराया, जिसमें काफी संख्या में शामिल हुए लोगों ने रक्तदान किया।

शिविर के आयोजक बांकेलाल गर्ग ने बताया कि उन्होंने अपनी पत्नी स्व. सोनिया गर्ग की प्रथम पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में इस रक्तदान शिविर का आयोजन किया है। रक्तदान महादान है, हमारे द्वारा किया गया रक्तदान किसी जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन बचाने में सहायक हो सकता है। इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने शिविर में पहुंचकर रक्तदान किया और समाजसेवा की मिसाल पेश की। आयोजक बांकेलाल गर्ग और सोनू गर्ग ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लोगों का उत्साह इस बात का प्रमाण है कि क्षेत्र में समाजसेवा के प्रति जागरूकता बढ़ रही है।

## सुविचार

हर सुबह नई उम्मीद लेकर आती है, बीते कल का बोझ आज पर मत रखिए।

## कल का पंचांग

| | | |
|---|---|---|
| तिथि | षष्ठी | 05:00-05:50 तक |
| नक्षत्र | स्वाति | 04:58-06:46 तक |
| सूर्योदय | | 5:55 AM |
| सूर्यास्त | | 6:50 PM |
| सूर्य राशि | | सिंह राशि |
| शुभ मुहूर्त | | 11:58AM –12:51 PM |
| त्योहार/व्रत | | |
| राहुकाल | | 03:36 PM: 05:13 PM |

| | |
|---|---|
| पक्ष | शुक्ल पक्ष |
| माह | श्रावण |
| चन्द्रोदय | 11:11 AM |
| चंद्रास्त | 10:11 PM |
| चंद्र | तुला राशि |
| ब्रह्म् मुहूर्त | 04:15-05:43 |
| विक्रम संवत् | 2083 |
| वार | मंगलवार |

## ब्रज के मंदिरों के दर्शन




ब्रज की सभी कथा और श्री राधा कृष्ण की सभी लीलाओं के दर्शन यूनिक समय चैनल के माध्यम से करें।

Youtube Channel : https://youtube.com/uniquesamay

## मंदिर खुलने व बंद होने का समय

- श्रीबांके बिहारीजी मंदिर में सुबह 8 .00 से दोपहर 01 .30 बजे तक और शाम 4 .00 से रात 9 .00 बजे तक।
- श्रीकृष्ण जन्मभूमि में श्री गर्भगृह के दर्शन सुबह 6 .30 बजे से रात 9 बजे तक।
- श्रीकृष्ण जन्मभूमि के भागवत भवन व अन्य मंदिर में सुबह 6 .30 बजे से दोपहर 12 बजे तक और शाम 4 बजे से रात 9 बजे तक।
- द्वारकाधीश मंदिर में सुबह 6 .30 बजे से 11 बजे तक और शाम 4 बजे से 7 .30 बजे तक।

## कल का राशिफल

**मेष:** कल कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारी मिलेगी, आत्मविश्वास बढ़ेगा और आर्थिक मामलों में सोच–समझकर लिया सही निर्णय बहुत लाभ पहुंचाएगा।

**वृषभ:** कल रुके काम पूरे होंगे, परिवार का सहयोग मिलेगा, खर्च बढ़ सकता है इसलिए बजट बनाकर चलना लाभदायक रहेगा।

**मिथुन:** कल बातचीत से उलझन सुलझेगी, व्यापार में अवसर मिलेंगे और विद्यार्थियों को मेहनत का बेहतर संतोषजनक परिणाम प्राप्त होगा।

**कर्क:** कल मन प्रसन्न रहेगा, नौकरी में अधिकारियों का सहयोग मिलेगा और परिवार में किसी शुभ समाचार से खुशी बढ़ेगी।

**सिंह:** कल नेतृत्व क्षमता निखरेगी, कार्यक्षेत्र में सम्मान मिलेगा और निवेश से जुड़े फैसलों में जल्दबाजी नुकसानदायक हो सकती है।

**कन्या:** कल मेहनत रंग लाएगी, धन संबंधी चिंता कम होगी और पुराने मित्र से मुलाकात मन को बेहद प्रसन्न करेगी।

**तुला:** कल साझेदारी में लाभ मिलेगा, दांपत्य जीवन मधुर रहेगा और किसी महत्वपूर्ण निर्णय में अनुभवी व्यक्ति की सलाह लें।

**वृश्चिक:** कल कार्यस्थल पर सावधानी रखें, विरोधियों से दूरी बनाएं और स्वास्थ्य को लेकर नियमित दिनचर्या बनाए रखना जरूरी होगा।

**धनु:** कल यात्रा के योग बनेंगे, करियर में नई दिशा मिलेगी और रुका हुआ धन मिलने की संभावना जल्द रहेगी।

**मकर:** कल जिम्मेदारियां बढ़ेंगी, लेकिन मेहनत से सफलता मिलेगी; परिवार में मतभेद शांत होंगे।

**कुंभ:** कल रचनात्मक कामों में सफलता मिलेगी, नई योजना बनेगी और मित्रों से मिला सहयोग आपके आत्मविश्वास को लगातार बढ़ाएगा।

**मीन:** कल धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी, नौकरी में प्रगति होगी और परिवार के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा।

# सावन सोमवार व्रत टूटे तो घबराएं नहीं, अपनाएं यह उपाय



### भोलेनाथ से क्षमा मांगकर दोबारा व्रत का संकल्प लें

### दान, मंत्र जाप और हवन से मन को मिलेगी शांति

**यूनिक समय, मथुरा।** सावन मास भगवान शिव की आराधना के लिए विशेष माना जाता है। इस दौरान श्रद्धालु सोमवार को व्रत रखकर भगवान शिव का जलाभिषेक करते हैं। धार्मिक मान्यता है कि सावन सोमवार का व्रत मानसिक शांति, सुख–समृद्धि और मनोकामना पूर्ति के लिए किया जाता है। हालांकि कई बार अनजाने में भोजन ग्रहण करने या किसी अन्य कारण से व्रत खंडित हो जाता है। ऐसी स्थिति में परेशान होने के बजाय श्रद्धा के साथ प्रायश्चित और पूजा करना शुभ माना जाता है।

उज्जैन के ज्योतिषाचार्य आनंद भारद्वाज के अनुसार, भूलवश व्रत टूटने पर सबसे पहले भगवान शिव से क्षमा याचना करनी चाहिए। अपनी गलती स्वीकार करते हुए भविष्य में सावधानी बरतने का संकल्प लेना चाहिए। इसके बाद अगले सोमवार को विधि–विधान से व्रत रखा जा सकता है।

आचार्य के अनुसार, यदि किसी कारण से व्रत खंडित हो जाए तो घर में श्रद्धापूर्वक छोटा हवन करना भी शुभ माना जाता है। इसके बाद अगले सोमवार को प्रायश्चित स्वरूप व्रत रखकर भगवान शिव की पूजा करनी चाहिए। धार्मिक मान्यता के अनुसार इससे मन में शांति आती है और भक्त का संकल्प फिर मजबूत होता है। व्रत टूटने की स्थिति में भगवान शिव की आराधना करते हुए महामृत्युंजय मंत्र का श्रद्धापूर्वक जाप भी किया जा सकता है। इससे आध्यात्मिक संतोष और मानसिक शांति मिलने की धार्मिक मान्यता है। पूजा के दौरान शिवलिंग पर जल और बेलपत्र अर्पित कर भगवान शिव का ध्यान करना भी भक्तिपूर्ण उपाय माना जाता है। व्रत खंडित होने पर अपनी सामर्थ्य के अनुसार जरूरतमंदों को भोजन कराना, अन्नदान करना या दान–पुण्य करना भी शुभ माना जाता है। धार्मिक दृष्टि से इसे प्रायश्चित का भाव माना जाता है।

सबसे जरूरी बात यह है कि व्रत श्रद्धा और संकल्प का विषय है। भूल हो जाने पर निराश होने के बजाय भगवान शिव से क्षमा मांगकर पूजा और भक्ति जारी रखनी चाहिए। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सच्ची श्रद्धा से की गई प्रार्थना ही सबसे महत्वपूर्ण है।

MANNAT GROUP
Building Your Vision, Creating Reality

# शिव ने शिकारी बनकर किया था अर्जुन से युद्ध



### दिव्य अस्त्र पाने को अर्जुन ने की थी कठोर तपस्या

### अहंकार टूटने पर महादेव ने पाशुपतास्त्र प्रदान किया

**यूनिक समय, मथुरा।** महाभारत युद्ध से पहले अर्जुन ने दिव्य अस्त्र प्राप्त करने के लिए भगवान शिव की कठोर तपस्या की थी। उनका लक्ष्य पाशुपतास्त्र हासिल करना था। अर्जुन की भक्ति और तपस्या से प्रसन्न होने के साथ–साथ महादेव उनकी परीक्षा भी लेना चाहते थे। इसी कारण उन्होंने किरात यानी शिकारी का रूप धारण किया और अर्जुन से युद्ध किया।

धार्मिक कथा के अनुसार, अर्जुन इंद्रकील पर्वत पर तपस्या कर रहे थे। इसी दौरान मूक नामक राक्षस विशाल जंगली सुअर का रूप लेकर वहां पहुंचा। अर्जुन ने उसे देखकर बाण चलाया। उसी समय शिकारी के वेश में भगवान शिव ने भी उस पर बाण चला दिया। दोनों के बाण वराह को लगे और शिकार पर अधिकार को लेकर अर्जुन और किरात में विवाद हो गया।

अर्जुन ने शिकारी को साधारण मनुष्य समझकर कई दिव्य अस्त्र चलाए, लेकिन उनका कोई प्रभाव नहीं पड़ा। इसके बाद दोनों के बीच मल्लयुद्ध हुआ, जिसमें अर्जुन पराजित होकर कुछ समय के लिए मूर्छित हो गए। होश आने पर उन्हें अपनी शक्ति की सीमा का एहसास हुआ।

अर्जुन ने मिट्टी का शिवलिंग बनाकर भगवान शिव की पूजा शुरू की और उस पर फूल चढ़ाए। तभी उन्होंने देखा कि शिवलिंग पर चढ़ाए फूल शिकारी के गले की माला में दिखाई दे रहे हैं। अर्जुन समझ गए कि किरात कोई और नहीं, स्वयं भगवान शिव हैं।


अर्जुन ने महादेव से क्षमा मांगी। उनकी भक्ति और अहंकार रहित समर्पण से प्रसन्न होकर शिव अपने वास्तविक स्वरूप में प्रकट हुए और उन्हें पाशुपतास्त्र प्रदान किया। यह कथा बताती है कि सच्ची भक्ति के साथ विनम्रता भी जरूरी है।

# सेकेंड हैंड सामान घर लाने से पहले करें यह काम

### नमक मिले पानी से सामान की सफाई करें

### धूप देने के बाद गंगाजल का छिड़काव करें

**यूनिक समय, मथुरा।** पुराना या सेकेंड हैंड सामान खरीदना आजकल आम बात हो गई है। फर्नीचर, अलमारी, वाहन, मोबाइल और अन्य वस्तुएं लोग कम कीमत में खरीदकर इस्तेमाल करते हैं। हालांकि, वास्तु मान्यताओं के अनुसार पुराने सामान के साथ उससे जुड़े पुराने माहौल का प्रभाव भी माना जाता है। इसलिए घर में ऐसी वस्तुएं लाने से पहले कुछ उपाय किए जा सकते हैं। सेकेंड हैंड सामान को इस्तेमाल करने से पहले सेंधा नमक मिले पानी से अच्छी तरह साफ करें।



माना जाता है कि नमक नकारात्मक ऊ र्जा को दूर करने में सहायक होता है। कपड़े से सामान को पोंछने के बाद उसे सूखने दें। पुराने सामान को कुछ समय धूप में रखने के बाद उस पर गंगाजल का छिड़काव करें। वास्तु मान्यताओं में इसे शुद्धिकरण का उपाय माना गया है। इसके बाद ही सामान को घर में नियमित रूप से इस्तेमाल करने की सलाह दी जाती है।

# जंगल और नदी के बीच विराजे भीमाशंकर महादेव

**यूनिक समय, मथुरा।** मध्य प्रदेश के खंडवा जिले में जंगल और नदी के बीच स्थित भीमकुंड यानी भीमाशंकर महादेव मंदिर आस्था और प्रकृति के अनोखे संगम के लिए प्रसिद्ध है। करीब 1500 साल पुराने इस शिवधाम को लेकर पांडवों के अज्ञातवास से जुड़ी कई धार्मिक मान्यताएं प्रचलित हैं। सावन में यहां दूर–दूर से श्रद्धालु पहुंचते हैं और कठिन रास्तों से गुजरकर भगवान शिव का जलाभिषेक करते हैं।





स्थानीय मान्यता के अनुसार, अज्ञातवास के दौरान पांडव इस क्षेत्र में ठहरे थे। उस समय माता कुंती और पांचों पांडवों को पानी की आवश्यकता हुई। कहा जाता है कि भीम ने अपनी शक्ति से नदी किनारे कुंड बनाया था। इसी वजह से इस स्थान का नाम भीमकुंड पड़ा। बाद में यह स्थान भगवान शिव की आराधना का प्रमुख केंद्र बन गया और यहां भीमाशंकर महादेव की पूजा होने लगी।

मंदिर में स्थापित शिवलिंग को स्थानीय श्रद्धालु स्वयंभू मानते हैं। धार्मिक विश्वास है कि शिवलिंग धरती से प्राकृतिक रूप से प्रकट हुआ था। इसी कारण भक्त इसे भगवान शिव का विशेष स्वरूप मानकर पूजा करते हैं। सावन और महाशिवरात्रि के अवसर पर यहां विशेष पूजा–अर्चना होती है। श्रद्धालु शिवलिंग पर जल, दूध और बेलपत्र चढ़ाकर मनोकामना मांगते हैं।

### पांडवों के अज्ञातवास से जुड़ी हैं इस धाम की मान्यताएं

### 1500 साल पुराना है स्वयंभू शिवलिंग प्राकृतिक सौंदर्य बढ़ाते हैं धाम की महिमा

### पगडंडी से मंदिर तक पहुंचना भी श्रद्धा की परीक्षा

भीमकुंड तक पहुंचना किसी धार्मिक यात्रा से कम नहीं है। मंदिर तक जाने वाले रास्ते में पगडंडियां और पथरीले मार्ग पड़ते हैं। बारिश के दौरान रास्ता और चुनौतीपूर्ण हो जाता है। इसके बावजूद श्रद्धालुओं की आस्था उन्हें आगे बढ़ाती है। कई भक्त पैदल चलकर मंदिर पहुंचते हैं और दर्शन के बाद खुद को धन्य मानते हैं।

मंदिर की सबसे बड़ी खूबी इसका प्राकृतिक परिवेश है। चारों तरफ घना जंगल, पास बहती नदी और हरियाली के बीच मंदिर का शांत वातावरण श्रद्धालुओं को अलग अनुभव देता है। सावन में प्रकृति और भी निखर उठती है और हर–हर महादेव के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजने लगता है। स्थानीय महंत दुर्गानंद गिरी के अनुसार, इस स्थान की धार्मिक मान्यता पीढ़ियों से चली आ रही है। पांडवों से जुड़ी कथा, स्वयंभू शिवलिंग और प्राकृतिक सुंदरता ने भीमकुंड को खास पहचान दी है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए यह केवल मंदिर नहीं, बल्कि आस्था, प्रकृति और पौराणिक स्मृतियों से जुड़ा एक आध्यात्मिक पड़ाव है।

## सम्पादकीय

# आस्था उमड़ी, अफवाह दौड़ी, व्यवस्था फिर हांफी

भारत में आस्था की कोई सीमा नहीं और धार्मिक आयोजनों में भीड़ की कोई गिनती नहीं। भक्त भगवान के दर्शन के लिए घंटों कतार में खड़े रह सकते हैं, धूप–पानी सह सकते हैं, धक्के खा सकते हैं, लेकिन प्रशासन को भीड़ का दबाव सहने की आदत शायद अभी नहीं पड़ी है। उज्जैन के महाकाल परिसर और बिहार के लखीसराय के अशोकधाम मंदिर की घटनाएं कम से कम यही सवाल पूछती हैं।

उज्जैन में नागचंद्रेश्वर मंदिर साल में सिर्फ नागपंचमी पर खुलता है। इस बार सावन के तीसरे सोमवार का संयोग भी था। लिहाजा श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ना तय था। पुलिस के मुताबिक करीब 40 हजार लोग कतार में थे। तभी करंट फैलने की अफवाह उड़ी और कुछ क्षणों में भक्ति का अनुशासन भय की दौड़ में बदल गया। 13 श्रद्धालुओं की तबीयत बिगड़ गई।


पवन गौतम
संपादक

लखीसराय में अफवाह का परिणाम और भयावह रहा। एक खंभा गिरा और खबर फैल गई कि बिजली का तार गिर गया है। तार बिजली का नहीं था, लेकिन अफवाह में वोल्टेज पूरा था। भीड़ का दबाव महिलाओं की कतार पर पड़ा और सात महिलाओं की जान चली गई।

यहां सवाल यह नहीं कि अफवाह किसने उड़ाई, सवाल यह भी है कि इतनी बड़ी भीड़ में अफवाह रोकने की व्यवस्था कहां थी?

स्कैन करें
संपादकीय सुनने के लिए मोबाइल से QR कोड को स्कैन करें।

हमारे यहां धार्मिक आयोजनों की तैयारी का एक पुराना फार्मूला है–पहले बैठक, फिर योजना, फिर निरीक्षण, फिर प्रेस विज्ञप्ति और अंत में हादसा। हादसे के बाद फिर जांच समिति। समिति क्या बताएगी, यह भी लगभग तय रहता है–व्यवस्था पर्याप्त थी, लेकिन अचानक भीड़ बढ़ गई और अफवाह फैल गई। मानो भीड़ भी कोई प्राकृतिक आपदा हो और अफवाह आसमान से गिरती हो।

आस्था को दोष देना आसान है, मगर असली परीक्षा व्यवस्था की है। जब प्रशासन जानता है कि किसी मंदिर में साल में एक दिन विशेष दर्शन होते हैं, लाखों लोग पहुंच सकते हैं और भीड़ में एक छोटी अफवाह भी भगदड़ पैदा कर सकती है, तो तैयारी भी उसी अनुपात में होनी चाहिए।

श्रद्धालु भगवान के दर्शन करने आते हैं, जिंदगी गंवाने नहीं। इसलिए धार्मिक आयोजनों में सबसे बड़ा प्रसाद सुरक्षित वापसी होना चाहिए। बैरिकेडिंग मजबूत हो, निकासी मार्ग स्पष्ट हों, चिकित्सा दल तैयार रहें और अफवाह पर तत्काल नियंत्रण हो। वरना सवाल यही रहेगा–भगवान के दर्शन कराने की तैयारी खूब हुई, भक्तों को सुरक्षित घर पहुंचाने की तैयारी कब होगी?

## नजरिया

# अल्पसंख्यकों को सहना नहीं, सम्मान देना जरूरी

बोध प्रकाश सगुणी



पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी का हिंदुओं को लेकर दिया गया कथित बयान केवल एक राजनीतिक टिप्पणी नहीं माना जा सकता। यह बयान उस बुनियादी सवाल को सामने लाता है कि किसी लोकतांत्रिक देश में अल्पसंख्यकों की स्थिति आखिर क्या होनी चाहिए। यदि किसी देश का सर्वोच्च संवैधानिक पद संभालने वाला व्यक्ति अपने ही देश के हिंदू नागरिकों के लिए 'सहन' करने जैसी भाषा इस्तेमाल करता है, तो समस्या शब्दों से कहीं बड़ी हो जाती है। सवाल यह उठता है कि क्या अल्पसंख्यक नागरिकों को बराबरी का अधिकार हासिल है या उनकी मौजूदगी बहुसंख्यक समुदाय की सहनशीलता पर निर्भर मानी जाती है?

जरदारी ने स्वतंत्रता दिवस से जुड़े एक कार्यक्रम में भारत और पाकिस्तान की तुलना करते हुए पाकिस्तान की हिंदू आबादी का जिक्र किया। उनके बयान के अनुसार पाकिस्तान में हिंदू आबादी करीब तीन से चार प्रतिशत है और वहां के मुसलमान उन्हें 'टॉलरेट' यानी सहन करते हैं। उन्होंने यह दावा भी किया कि पाकिस्तान में हिंदू स्वतंत्र और सुरक्षित हैं तथा वे भारत की तुलना में पाकिस्तान में रहना पसंद करेंगे। इन दावों की अपनी राजनीतिक व्याख्या हो सकती है, लेकिन 'सहन करने' वाला शब्द ही इस पूरे बयान का सबसे विवादास्पद हिस्सा बन गया।

किसी भी आधुनिक राष्ट्र–राज्य में नागरिक अधिकार जनसंख्या के प्रतिशत से तय नहीं होते। संविधान किसी नागरिक को इसलिए कम अधिकार नहीं देता कि वह संख्या में कम है। यदि किसी देश में हिंदू, सिख, ईसाई या कोई अन्य समुदाय अल्पसंख्यक है तो उसका नागरिक अधिकार बहुसंख्यक समाज की इच्छा पर निर्भर नहीं हो सकता। उसे सुरक्षा, सम्मान, धार्मिक स्वतंत्रता और कानून के सामने बराबरी का अधिकार मिलना चाहिए। यही लोकतंत्र और संवैधानिक शासन की मूल भावना है।

यही कारण है कि जरदारी के बयान पर भारत में तीखी प्रतिक्रिया हुई। लेखक और गीतकार जावेद अख्तर ने सोशल मीडिया के माध्यम से जरदारी पर निशाना साधते हुए उनके पुराने चर्चित उपनाम 'मिस्टर टेन परसेंट' का संदर्भ दिया। अख्तर का तंज राजनीतिक रूप से तीखा था। उन्होंने जरदारी के तीन–चार प्रतिशत हिंदू आबादी को 'सहन' करने वाले कथन को उनके पुराने उपनाम से जोड़कर यह सवाल उठाया कि यदि प्रतिशत के आधार पर संवेदनशीलता तय की जाए तो उसका पैमाना कितना हास्यास्पद हो सकता है।

जावेद अख्तर की प्रतिक्रिया इसलिए भी चर्चा में आई क्योंकि वह पाकिस्तान से जुड़े विषयों पर पहले भी खुलकर अपनी राय रखते रहे हैं। उनका तर्क अक्सर यही रहा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच बेहतर संबंधों के लिए केवल सांस्कृतिक संबंध पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि सीमा पार आतंकवाद और कट्टरपंथ जैसे मुद्दों पर भी पाकिस्तान को गंभीर कदम उठाने होंगे। इसलिए जरदारी के बयान पर उनका हमला केवल व्यक्तिगत प्रतिक्रिया के रूप में नहीं देखा जा रहा, बल्कि दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे वैचारिक संघर्ष की पृष्ठभूमि में भी देखा जा रहा है।

हालांकि इस विवाद में एक सावधानी जरूरी है। पाकिस्तान के हर मुसलमान को अल्पसंख्यकों के प्रति असहिष्णु मान लेना भी उतना ही गलत होगा, जितना किसी एक बयान के आधार पर पाकिस्तान के पूरे समाज का चरित्र तय कर देना। किसी देश के नागरिकों और वहां की राजनीतिक व्यवस्था के बीच अंतर करना चाहिए। पाकिस्तान में भी ऐसे लोग हैं जो धार्मिक सद्भाव और अल्पसंख्यकों के अधिकारों की वकालत करते हैं। समस्या तब पैदा होती है जब राजनीतिक नेतृत्व की भाषा ही नागरिक बराबरी के सिद्धांत से कमजोर दिखाई देने लगे।

जरदारी का कथन उनके पहले के आधिकारिक रुख से भी तुलना मांगता है। पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के अधिकारों, धार्मिक स्वतंत्रता और संवैधानिक बराबरी की बातें वहां के सरकारी बयानों में अक्सर सामने आती रही हैं। ऐसे में सार्वजनिक मंच पर 'सहन' करने जैसी भाषा उन दावों से असहज विरोधाभास पैदा करती है। यदि सभी नागरिक संविधान की नजर में बराबर हैं तो किसी समुदाय को सहने की बात ही क्यों करनी चाहिए?

भारत के संदर्भ में भी यह बहस महत्वपूर्ण है। पड़ोसी देश के किसी नेता के बयान पर प्रतिक्रिया देते समय हमें अपने लोकतांत्रिक मूल्यों को नहीं भूलना चाहिए। भारत की ताकत इस बात में है कि यहां अल्पसंख्यकों के अधिकारों पर बहस हो सकती है, सरकारों की आलोचना हो सकती है और सार्वजनिक जीवन में विभिन्न विचार सामने आ सकते हैं। पाकिस्तान की आलोचना करते समय भारत को भी अपने भीतर समान नागरिक अधिकारों के आदर्श को लगातार मजबूत करना होगा। लोकतंत्र की विश्वसनीयता केवल दूसरे देश की कमियां गिनाने से नहीं, बल्कि अपने आचरण से बनती है।

दरअसल, इस पूरे विवाद का सबसे महत्वपूर्ण संदेश यही है कि नागरिक किसी सरकार की कृपा से नागरिक नहीं बनते। नागरिकता अधिकार देती है और अधिकारों का आधार संविधान होता है। बहुसंख्यक समाज की सहिष्णुता निश्चित रूप से सामाजिक शांति के लिए जरूरी है, लेकिन वह संवैधानिक अधिकारों का विकल्प नहीं हो सकती। किसी हिंदू को इसलिए सुरक्षा नहीं मिलनी चाहिए कि बहुसंख्यक उसे 'सहन' कर रहे हैं। उसे सुरक्षा इसलिए मिलनी चाहिए क्योंकि वह उस देश का नागरिक है।

यही बात भारत पर भी लागू होती है। किसी भी धर्म, जाति या समुदाय के नागरिक को बहुसंख्यक की दया पर नहीं, कानून की बराबरी पर भरोसा होना चाहिए। यदि लोकतंत्र में नागरिकों के अधिकार संख्या के साथ बढ़ते–घटते हैं तो फिर लोकतंत्र का मूल अर्थ ही समाप्त हो जाता है।

जरदारी के बयान ने एक बार फिर यह दिखाया है कि राजनीति में शब्दों का महत्व कितना बड़ा होता है। एक शब्द किसी देश की संवैधानिक सोच पर सवाल खड़ा कर सकता है और एक व्यंग्य उस पूरे विवाद को अंतरराष्ट्रीय चर्चा में ला सकता है। जावेद अख्तर का तंज इसी वजह से चर्चा में है। लेकिन इस विवाद को केवल भारत–पाकिस्तान की राजनीतिक नोकझोंक बनाकर छोड़ देना भी उचित नहीं होगा।

असल सवाल कहीं ज्यादा व्यापक है–क्या हम अपने समाज में अल्पसंख्यकों को बराबरी का नागरिक मानते हैं? अगर उत्तर हां है तो 'सहन' शब्द की कोई जगह नहीं होनी चाहिए। राष्ट्र की पहचान इस बात से नहीं बनती कि वह अपने बहुसंख्यक समुदाय के साथ कैसा व्यवहार करता है, बल्कि इससे बनती है कि वह अपने सबसे छोटे और कमजोर समुदाय को कितनी सुरक्षा, स्वतंत्रता और गरिमा देता है।

इसलिए जरदारी के बयान का जवाब किसी राजनीतिक तंज से आगे जाना चाहिए। जवाब यह होना चाहिए कि नागरिक अधिकार संख्या नहीं देखते। लोकतंत्र में किसी को सहा नहीं जाता, उसे सम्मान के साथ स्वीकार किया जाता है। यही आधुनिक राष्ट्र की पहचान है और यही वह आईना है जिसमें हर सत्ता को समय–समय पर अपना चेहरा देखना चाहिए।

## विचार विंडो

# वंदे मातरम पर सियासत, सम्मान का सवाल

राम प्रकाश शर्मा

'वंदे मातरम' केवल कुछ शब्दों और सुरों का समूह नहीं है। यह भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की स्मृतियों, संघर्ष और राष्ट्रभावना से जुड़ा ऐसा गीत है, जिसने गुलामी के दौर में असंख्य लोगों में देश के लिए समर्पण की भावना जगाई। इसलिए जब स्वतंत्रता दिवस जैसे अवसर पर इसके सम्मान को लेकर विवाद खड़ा होता है तो मामला केवल किसी राजनीतिक दल या नेता तक सीमित नहीं रहता, बल्कि सार्वजनिक जीवन की मर्यादा और राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति हमारे सामूहिक व्यवहार का प्रश्न बन जाता है।

दिल्ली में कांग्रेस मुख्यालय पर स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम के दौरान 'वंदे मातरम' को लेकर सामने आई शिकायत ने इसी बहस को जन्म दिया है। शिकायत में सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर राष्ट्रगीत के गायन में कथित रूप से बाधा डालने के आरोप लगाए गए हैं।

दिल्ली पुलिस मामले की जांच कर रही है। यहां सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि शिकायत में लगाया गया आरोप अभी जांच के दायरे में है। किसी शिकायत को अंतिम सत्य मान लेना उतना ही अनुचित है, जितना किसी जांच को शुरू होने से पहले राजनीतिक षड्यंत्र घोषित कर देना।

लोकतंत्र में आरोप लगना असामान्य बात नहीं है, लेकिन आरोप और अपराध के बीच जांच की एक पूरी प्रक्रिया होती है। यही प्रक्रिया लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता की बुनियाद है। इसलिए पुलिस को चाहिए कि वह मामले की निष्पक्षता से पड़ताल करे। कार्यक्रम की वीडियो रिकॉर्डिंग, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान और घटनाक्रम से जुड़े अन्य प्रमाणों के आधार पर यह स्पष्ट किया जाना चाहिए कि वास्तव में हुआ क्या था। यदि आरोप सही हैं तो कानून अपना रास्ता तय करे और यदि आरोप तथ्यहीन हैं तो राजनीतिक शोर के बीच सच भी सामने आए।

दुर्भाग्य से हमारी राजनीति में राष्ट्रीय प्रतीकों को लेकर होने वाली बहस कई बार तत्काल राजनीतिक हथियार में बदल जाती है। किसी घटना की पूरी जानकारी सामने आने से पहले ही नेता बयान जारी कर देते हैं। सामाजिक माध्यमों पर पक्ष और विपक्ष के समर्थक अपने–अपने निष्कर्ष निकाल लेते हैं। कुछ ही घंटों में घटना जांच का विषय कम और राजनीतिक ध्रुवीकरण का माध्यम अधिक बन जाती है। यह प्रवृत्ति लोकतंत्र के लिए स्वस्थ नहीं है।

'वंदे मातरम' का सम्मान किसी एक राजनीतिक दल की संपत्ति नहीं है। यह किसी विचारधारा की निजी विरासत भी नहीं है।



स्वतंत्रता आंदोलन में इसकी भूमिका भारतीय इतिहास का हिस्सा है। इसलिए इसके सम्मान को लेकर संवेदनशीलता सभी राजनीतिक दलों से अपेक्षित है। सत्ता पक्ष हो या विपक्ष, सार्वजनिक जीवन में बैठे लोगों को यह समझना होगा कि उनके व्यवहार का प्रतीकात्मक प्रभाव सामान्य नागरिकों की तुलना में कहीं अधिक होता है।

लेकिन सम्मान का अर्थ यह भी नहीं हो सकता कि किसी नेता के हर हावभाव को अपनी राजनीतिक सुविधा के अनुसार देशभक्ति या राष्ट्रविरोध का प्रमाण बना दिया जाए। लोकतंत्र में किसी व्यक्ति के खिलाफ गंभीर आरोप लगाने के लिए प्रमाण जरूरी हैं। असहमति, बातचीत, किसी कार्यक्रम की व्यवस्था पर टिप्पणी या किसी क्षण की अस्पष्ट गतिविधि को तुरंत राष्ट्रगीत के अपमान से जोड़ देना भी उचित नहीं होगा। कानून भावनाओं से नहीं, तथ्यों से चलता है।

इस विवाद में राजनीतिक दलों के लिए भी एक संदेश छिपा है। भाजपा को यदि शिकायत के आधार पर कांग्रेस पर हमला करना है तो उसे जांच के निष्कर्ष की प्रतीक्षा करने का धैर्य भी दिखाना चाहिए। कांग्रेस को भी यह समझना होगा कि राष्ट्रीय प्रतीकों से जुड़े आयोजनों में उसके शीर्ष नेताओं की सार्वजनिक भूमिका अत्यंत सावधानी वाली होनी चाहिए। ऐसी परिस्थितियों में छोटी–सी गलतफहमी भी बड़े राजनीतिक विवाद का रूप ले सकती है।

राष्ट्रीय सम्मान का प्रश्न दलगत राजनीति से ऊपर होना चाहिए। 'वंदे मातरम' के सम्मान को लेकर कानून मजबूत होता है तो उसका इस्तेमाल राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को घेरने के लिए नहीं, बल्कि राष्ट्रीय गरिमा बनाए रखने के लिए होना चाहिए। कानून की शक्ति तभी सार्थक है जब वह सभी पर समान रूप से लागू हो और राजनीतिक पहचान देखकर उसका इस्तेमाल न बदले।

इस पूरे प्रकरण का एक सकारात्मक पक्ष भी हो सकता है। देश में राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति सम्मान की भावना पर खुली बहस हो। स्कूलों, राजनीतिक दलों, सरकारी संस्थानों और सार्वजनिक मंचों पर यह समझ विकसित की जाए कि राष्ट्रगीत, राष्ट्रगान और राष्ट्रीय ध्वज केवल औपचारिक प्रतीक नहीं हैं। इनके पीछे देश के इतिहास, संघर्ष और बलिदान की लंबी कहानी है।

आज आवश्यकता इस बात की है कि 'वंदे मातरम' को राजनीतिक अखाड़ा बनाने के बजाय उसके ऐतिहासिक और राष्ट्रीय महत्व को समझा जाए। कांग्रेस नेताओं पर लगे आरोपों की जांच निष्पक्ष तरीके से होनी चाहिए और जांच पूरी होने तक किसी को दोषी घोषित नहीं किया जाना चाहिए। यदि कोई व्यक्ति वास्तव में राष्ट्रीय सम्मान का अपमान करता है तो उसके खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई होनी चाहिए। लेकिन यदि आरोप राजनीतिक अतिशयोक्ति साबित होते हैं तो उन्हें भी उसी स्पष्टता से सामने लाया जाना चाहिए।

राष्ट्रगीत का सम्मान केवल कानून के डर से नहीं, बल्कि मन से होना चाहिए। देशभक्ति का सबसे मजबूत प्रमाण नारे या आरोप नहीं, बल्कि संविधान, लोकतंत्र और राष्ट्रीय मर्यादाओं के प्रति व्यवहार है। 'वंदे मातरम' पर छिड़ी यह बहस हमें यही याद दिलाती है कि राष्ट्र के सम्मान को राजनीति से ऊपर रखना होगा। वरना जिस गीत ने कभी देश को जोड़ने का काम किया था, वही हमारे राजनीतिक विभाजन का प्रतीक बन जाएगा।

### रवींद्र जडेजा ने रचा इतिहास

# 350 विकेट के साथ दिग्गज ऑलराउंडरों के खास क्लब में एंट्री

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** भारत के स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट में ऐसा कारनामा कर दिखाया, जिसने उन्हें क्रिकेट के दिग्गजों की खास सूची में शामिल करा दिया। 17 अगस्त को टेस्ट के तीसरे दिन जडेजा ने श्रीलंका की पहली पारी में दो विकेट हासिल किए और इसके साथ ही टेस्ट क्रिकेट में उनके 350 विकेट पूरे हो गए। इस उपलब्धि के साथ उन्होंने 4000 से ज्यादा रन और 350 विकेट का डबल भी पूरा कर लिया। जडेजा ने श्रीलंका की पारी में धनंजय डी सिल्वा और केशरा नुवांथा को अपना शिकार बनाया। इससे पहले भारतीय पारी में उन्होंने 13 रन बनाए थे। भले ही इस मुकाबले में बल्ले से उनका योगदान बड़ा नहीं रहा, लेकिन गेंद से दो विकेट लेते ही उन्होंने इतिहास के पन्नों में अपना नाम दर्ज करा दिया।



जडेजा अब टेस्ट क्रिकेट में 4000 से ज्यादा रन और 350 विकेट हासिल करने वाले दुनिया के सिर्फ चौथे ऑलराउंडर बन गए हैं। उनसे पहले भारत के कपिल देव, इंग्लैंड के इयान बॉथम और न्यूजीलैंड के डेनियल वेटोरी यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं। कपिल देव ने 131 टेस्ट में 5248 रन और 434 विकेट लिए, जबकि इयान बॉथम के नाम 102 टेस्ट में 5200 रन और 383 विकेट हैं। डेनियल वेटोरी ने 113 टेस्ट में 4531 रन और 362 विकेट हासिल किए। जडेजा ने महज 90 टेस्ट मैचों में यह मुकाम हासिल किया है। खास बात यह है कि इस क्लब में शामिल चारों खिलाड़ियों में जडेजा ही ऐसे हैं, जिन्होंने 100 से कम टेस्ट मैच खेलकर 4000 रन और 350 विकेट का आंकड़ा छुआ है।

350 टेस्ट विकेट पूरे करने के साथ जडेजा इस उपलब्धि को हासिल करने वाले पांचवें भारतीय गेंदबाज भी बन गए हैं। उनसे आगे अनिल कुंबले 619, रविचंद्रन अश्विन 537, कपिल देव 434 और हरभजन सिंह 417 विकेट के साथ मौजूद हैं।

जडेजा दुनिया के तीसरे बाएं हाथ के स्पिनर हैं, जिन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 350 विकेट पूरे किए हैं। इस सूची में रंगना हेराथ 433 विकेट के साथ सबसे आगे हैं, जबकि डेनियल वेटोरी के नाम 362 विकेट हैं। अब 350 विकेट के साथ जडेजा ने भी इस ऐतिहासिक क्लब में अपनी जगह पक्की कर ली है। उनकी यह उपलब्धि बताती है कि क्यों उन्हें आधुनिक क्रिकेट के सबसे प्रभावशाली ऑलराउंडरों में गिना जाता है।

# पंकज त्रिपाठी ने पत्नी को मंच से टोका, फिर गूंज उठी हंसी

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता पंकज त्रिपाठी अपनी शानदार अदाकारी के साथ-साथ अपनी सादगी और जमीन से जुड़े अंदाज के लिए भी जाने जाते हैं। उनकी पत्नी मृदुला त्रिपाठी के साथ उनकी बॉन्डिंग भी अक्सर लोगों का ध्यान खींचती है। हाल ही में ऑस्ट्रेलिया में आयोजित इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न में दोनों के रिश्ते की यही प्यारी झलक देखने को मिली, जब पंकज ने मंच पर भाषण देते हुए अपनी पत्नी को मोबाइल में व्यस्त देख लिया और मजाकिया अंदाज में उन्हें टोक दिया।

कार्यक्रम में पंकज त्रिपाठी दर्शकों को संबोधित कर रहे थे। तभी उनकी नजर सामने बैठी मृदुला पर गई, जो फोन पर लगातार कुछ टाइप कर रही थीं। पंकज ने अपना भाषण बीच में रोकते हुए मुस्कुराकर पूछा, 'तुम किसे लगातार मैसेज किए जा रही हो? मेरी नजर बार-बार वहीं जा रही है। मैं



इतनी देर से बोल रहा हूं और तुम मुझे सुन ही नहीं रही हो।' इसके बाद उन्होंने मजाक में कहा कि शायद वह उनकी बेटी को मैसेज कर रही होंगी और चुटकी लेते हुए बोले कि बेटी से कह दो कि उसके पिता का कार्यक्रम शुरू हो चुका है। पंकज की बात सुनते ही पूरा हॉल ठहाकों से गूंज उठा।

इसके बाद अभिनेता ने अपने और मृदुला के 25 साल पुराने रिश्ते का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि जब भी वह कहीं बोलते हैं तो उनकी नजर अक्सर अपनी पत्नी के चेहरे पर रहती है, क्योंकि वह उनके रिएक्शन को देखना पसंद करते हैं। लेकिन इस बार मृदुला का ध्यान उनकी बातों के बजाय मोबाइल स्क्रीन पर था। पंकज के इस मजेदार अंदाज ने दोनों के रिश्ते में मौजूद दोस्ती और अपनापन एक बार फिर दिखा दिया।


पंकज और मृदुला की कहानी सिर्फ हंसी-मजाक तक सीमित नहीं है। अभिनेता के संघर्ष के दिनों में मृदुला ने उनका मजबूती से साथ दिया। साल

### मुझे सुन नहीं रही हो किसे मैसेज कर रही हो

2004 से 2010 के बीच जब पंकज के पास काम की कमी थी, तब मृदुला ने शिक्षिका के तौर पर नौकरी कर परिवार की आर्थिक जिम्मेदारियां संभालीं। पंकज उस दौर को याद करते हुए कई बार बता चुके हैं कि जब वह अंधेरी की गलियों में काम की तलाश में भटकते थे, तब उनकी पत्नी उनके साथ मजबूती से खड़ी थीं।

आज हालात पूरी तरह बदल चुके हैं। कभी काम की तलाश में भटकने वाले पंकज के घर की पार्किंग में अब निर्देशक अपनी कहानियां लेकर उनका इंतजार करते हैं। सोशल मीडिया पर मेलबर्न का यह वीडियो वायरल होने के बाद फैंस भी इस जोड़ी की जमकर तारीफ कर रहे हैं। वहीं, पंकज जल्द ही 'मिर्जापुरः द मूवी' में कालीन भैया के किरदार में बड़े पर्दे पर नजर आएंगे।

# एक कत्ल, कई राज और सस्पेंडेड पुलिस अफसर




**यूनिक समय, नई दिल्ली।** ओटीटी की दुनिया में क्राइम और थ्रिलर के शौकीनों के लिए एक नई फिल्म दस्तक देने वाली है। 'पाताल लोक' के मेकर्स ने अपनी नई ओरिजिनल फिल्म 'बबीता सिंह रिपोर्टिंग' का ऐलान कर दिया है। निमिषा सजयन, बरुण सोबती और अंशुमान पुष्कर स्टारर यह मर्डर मिस्ट्री छोटे शहर की पृष्ठभूमि पर आधारित है। फिल्म 28 अगस्त 2026 को प्राइम वीडियो पर दुनियाभर में रिलीज होगी।

कहानी एक निलंबित पुलिस अधिकारी बबीता के इर्द-गिर्द घूमती है, जिन्हें प्यार से बेबी भी कहा जाता है। बबीता की जिंदगी उस वक्त पूरी तरह बदल जाती है, जब उनके बचपन के करीबी दोस्त की रहस्यमयी परिस्थितियों में हत्या हो जाती है। पुलिस की नौकरी से निलंबित होने के बावजूद बबीता इस मामले को छोड़ने के लिए तैयार नहीं होतीं और खुद सच्चाई की तलाश में जुट जाती हैं।

जांच के दौरान उनके सामने एक के बाद एक ऐसे राज खुलते हैं, जो न सिर्फ हत्या की गुत्थी को उलझाते हैं, बल्कि बबीता को अपने अतीत और खुद की पहचान का सामना करने के लिए भी मजबूर करते हैं। ऐसे में यह कहानी सिर्फ हत्यारे की तलाश तक सीमित नहीं रहती, बल्कि एक महिला के अपने भीतर की ताकत को पहचानने की भावनात्मक यात्रा भी बन जाती है।

फिल्म का निर्देशन अंबीएका पंडित ने किया है, जबकि पटकथा अमिता व्यास ने लिखी है। निमिषा सजयन के साथ बरुण सोबती और अंशुमान पुष्कर अहम किरदारों में नजर आएंगे। फिल्म का निर्माण स्क्वाड प्रोडक्शंस और एक्ट श्री के बैनर तले किया गया है।

# 'लॉर्ड रवि' के आगे फैन संग मस्ती, पीछे मुन्ना-गुड्डू ने चुराया 'गुच्ची स्टेप'




**यूनिक समय, नई दिल्ली।** रवि किशन इन दिनों अपने अनोखे अंदाज और सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे 'गुच्ची डांस स्टेप' की वजह से खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं। अब 'मिर्जापुरः द मूवी' के प्रमोशन के दौरान उनका यही मस्तमौला अंदाज देखने को मिला, लेकिन इस बार अली फजल और दिव्येंदु शर्मा ने भी महफिल लूट ली।

मुंबई में एक प्रमोशनल इवेंट के दौरान रवि किशन एक फैन के साथ अपने चर्चित अंदाज में डांस करते नजर आए। वह फोटोग्राफर के साथ 'गुच्ची स्टेप' करते हुए मस्ती कर रहे थे और उसे गले भी लगाया। तभी कैमरे की नजर उनके पीछे खड़े अली फजल और दिव्येंदु शर्मा पर गई। दोनों चोरी-छिपे रवि किशन के डांस स्टेप की नकल करते दिखे। अपने को-स्टार्स की यह हरकत देखकर रवि किशन भी अपनी हंसी नहीं रोक पाए और बाद में तीनों ने साथ मिलकर जमकर मस्ती की।

वीडियो सामने आते ही सोशल मीडिया पर फैंस के मजेदार रिएक्शन आने लगे। किसी ने लिखा कि 'दिव्येंदु और अली भी रवि भैया के फैन निकले', तो किसी ने तीनों की तिकड़ी को शानदार बताया। लोगों का कहना है कि वीडियो में असली मजा रवि किशन के पीछे चल रही मस्ती में था।

सोशल मीडिया पर रवि किशन को 'लॉर्ड रवि', 'गॉड रवि' और 'आधुनिक ओशो' जैसे नाम भी दिए जा रहे हैं। उनकी पुरानी क्लिप्स और अंदाज जेन जी के बीच खूब वायरल हो रहे हैं। दिल्ली पुलिस और महाराष्ट्र सरकार जैसे आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल भी उनके मीम्स का इस्तेमाल कर चुके हैं।

**अब रवि किशन 'मिर्जापुरः** द मूवी' में एक दमदार खलनायक के रूप में नजर आएंगे। फिल्म में पंकज त्रिपाठी, अली फजल और दिव्येंदु शर्मा भी अहम भूमिकाओं में हैं। गुरमीत सिंह के निर्देशन में बनी यह फिल्म 4 सितंबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# फुटबॉल को अलविदा कहने वाले हैं क्रिस्टियानो रोनाल्डो

### शायद यह मेरा आखिरी साल हो

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** फुटबॉल की दुनिया के महानतम खिलाड़ियों में शुमार क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अपने संन्यास को लेकर बड़ा संकेत दिया है। 41 साल के पुर्तगाली स्टार ने कहा है कि मौजूदा सीजन बतौर पेशेवर फुटबॉलर उनका आखिरी साल हो सकता है। रोनाल्डो के इस बयान ने उनके करोड़ों प्रशंसकों के बीच हलचल पैदा कर दी है।

पांच बार बैलन डी'ओर जीत चुके रोनाल्डो ने वोग को दिए इंटरव्यू में अपने भविष्य को लेकर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि यह शायद फुटबॉल में उनका आखिरी साल है और वह अपने पीछे एक शानदार विरासत छोड़ना चाहते हैं। हालांकि, उनका अल नासर के साथ करार जून 2027 तक है, लेकिन रोनाल्डो ने



पहली बार इतनी स्पष्टता से अपने संन्यास की संभावना जताई है। रोनाल्डो ने पिछले साल नवंबर में भी कहा था कि वह अधिकतम एक या दो साल और खेल सकते हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया था कि 2026 फीफा वर्ल्ड कप उनका आखिरी विश्व कप होगा। पुर्तगाल के टूर्नामेंट से बाहर होने के बाद भी उन्होंने अपने संन्यास की निश्चित तारीख बताने से परहेज किया था।

रोनाल्डो ने बताया कि उन्होंने फुटबॉल के बाद की जिंदगी की तैयारी शुरू कर दी है। वह अपने परिवार के साथ ज्यादा समय बिताना चाहते हैं और उन चीजों का आनंद लेना चाहते हैं, जिनके लिए उनके व्यस्त करियर के दौरान समय नहीं मिल पाया। उन्होंने यात्रा करने और पैडल जैसे खेलों में समय बिताने का भी जिक्र किया। रोनाल्डो के मुताबिक, पिछले 25 साल त्याग, अनुशासन और कड़ी मेहनत से भरे रहे हैं। इसलिए अब वह जिंदगी के दूसरे पहलुओं को भी पर्याप्त समय देना चाहते हैं।

रोनाल्डो ने स्पोर्टिंग सीपी से अपने करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने मैनचेस्टर यूनाइटेड, रियल मैड्रिड और जुवेंटस जैसे दिग्गज क्लबों का प्रतिनिधित्व किया। जनवरी 2023 से वह सऊदी अरब के क्लब अल नासर के लिए खेल रहे हैं। उनके करियर का सबसे यादगार दौर रियल मैड्रिड में रहा, जहां उन्होंने 438 मैचों में 450 गोल किए। 2026 वर्ल्ड कप में भी उन्होंने तीन गोल किए। अब अगर रोनाल्डो इस सीजन के बाद संन्यास लेते हैं, तो यह फुटबॉल के सबसे चमकदार अध्यायों में से एक का भावुक अंत होगा।

# गंगा में एक ही परिवार के तीन लोगों सहित चार कांवड़िया डूबे

## गहरे पानी में जाने से पुलिस ने रोका, तलाश जारी

## तेज बहाव के कारण तलाश करने में आई मुश्किल

**यूनिक समय, फर्रूखाबाद।** पांचाल घाट पर सोमवार भोर गंगा स्नान के दौरान बड़ा हादसा हो गया। शाहजहांपुर के नयागांव खुदागंज से कांवड़ लेने पहुंचे एक ही परिवार के तीन लोगों समेत चार कांवड़िये गहरे पानी में डूब गए। हादसे के बाद पुलिस, एनडीआरएफ और स्थानीय गोताखोरों ने तलाश शुरू कर दी, लेकिन तेज बहाव के कारण दोपहर तक किसी का पता नहीं चल सका।



योगेश (17), उसके चाचा विकास (25), चचेरे चाचा कमल (23) और गांव के अर्जुन (17) रविवार देर रात करीब दस साथियों के साथ पांच बाइकों से पांचाल घाट पहुंचे थे। सोमवार सुबह करीब साढ़े चार बजे सभी उत्तरी बंधे के पास स्नान करने पहुंचे। कुछ साथी बाइकों के पास रुक गए, जबकि चारों गंगा में उतर गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, चारों को गहरे पानी की ओर जाते देखकर साथियों और पुलिसकर्मियों ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, लेकिन वे आगे बढ़ गए।

कुछ ही देर में चारों पानी में गोते खाने लगे। शोर मचने पर आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन वे लापता हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक आरती सिंह मौके पर पहुंचीं और परिजनों से बातचीत की। एनडीआरएफ तथा स्थानीय गोताखोरों को तलाश में लगाया गया है।

योगेश हाईस्कूल का छात्र था। विकास इंटरमीडिएट के बाद आईटीआई कर रहा था। घटना की जानकारी मिलते ही परिवारों में कोहराम मच गया। परिजन घाट पर पहुंचकर अपनों की सलामती की आस लगाए बैठे हैं। पुलिस ने श्रद्धालुओं से गहरे पानी में न जाने की अपील की है।

# यूपी में 18 आईएएस अफसरों के तबादले हुए

## संयुक्त मजिस्ट्रेट पदों पर नई जिम्मेदारियां सौंपी गईं

## कई जिलों में प्रशासनिक व्यवस्था में बदलाव हुआ



**यूनिक समय, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने सोमवार को बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 18 आईएएस अधिकारियों का तबादला कर दिया। सहायक मजिस्ट्रेट के पद पर तैनात अधिकारियों को विभिन्न जिलों में संयुक्त मजिस्ट्रेट की नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। शासन के इस निर्णय को जिलों में प्रशासनिक व्यवस्था को और प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।


जारी आदेश के अनुसार, मुरादाबाद के आदित्य श्रीवास्तव को शाहजहांपुर, फतेहपुर की नौशीन को बस्ती, उन्नाव के शौर्य अरोड़ा को बदायूं, बिजनौर के कुणाल रस्तोगी को गोरखपुर और गाजियाबाद के अयान जैन को आजमगढ़ में संयुक्त मजिस्ट्रेट बनाया गया है। आगरा के शिवम कुमार को महराजगंज, प्रयागराज के अनिमेष वर्मा को देवरिया, मिर्जापुर के अंशुल हिंदल को सुल्तानपुर और अलीगढ़ के शुभांशु कटियार को जौनपुर की जिम्मेदारी मिली है।

सहारनपुर के विनोद कुमार मीना को औरैया, कन्नौज के अर्पित कुमार को प्रयागराज, सुल्तानपुर के रिदम आनंद को कानपुर देहात और लखनऊ के रमेश चंद्रा वर्मा को बलिया भेजा गया है। वहीं झांसी के अक्षय दीपक को कुशीनगर, बाराबंकी के तेजस के को मैनपुरी, लखीमपुर खीरी की मनीषा धावे को झांसी, सिद्धार्थनगर के आयुष अग्रवाल को रायबरेली और मुजफ्फरनगर की अपराजिता आर्यन को लखनऊ में संयुक्त मजिस्ट्रेट बनाया गया है। शासन के इस फैसले से कई जिलों में प्रशासनिक कार्यों को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। अधिकारियों की नई तैनाती से विकास योजनाओं के क्रियान्वयन और जनसुनवाई व्यवस्था को और मजबूत बनाने का प्रयास किया जाएगा।

# योगी ने बढ़ाया कोटेदारों का कमीशन, ई-पॉस से निगरानी

## कोटेदारों का लाभांश बढ़ाकर 125 रुपये प्रति क्विंटल

## राशन दुकानों को अन्नपूर्णा भवन बनाने की तैयारी



**यूनिक समय, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के 78 हजार से अधिक उचित दर विक्रेताओं को बड़ी सौगात दी। उन्होंने ई-पॉस आधारित उचित दर विक्रेता फीडबैक प्रणाली का शुभारंभ किया। अब कोटेदारों के काम और उपभोक्ताओं के फीडबैक की निगरानी ई-पॉस के माध्यम से होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोटेदारों का लाभांश 90 रुपये से बढ़ाकर 125 रुपये प्रति कुंतल कर दिया गया है। इसमें केंद्र सरकार की ओर से 10 रुपये और प्रदेश सरकार की ओर से 25 रुपये की बढ़ोतरी शामिल है। उन्होंने बताया कि लाभांश में 25 रुपये और बढ़ाने के लिए केंद्र को पत्र भेजा गया है।

योगी ने कहा कि प्रदेश में राशन की 10 हजार दुकानों को अन्नपूर्णा भवन के रूप में विकसित किया जा रहा है। कोटेदार अब राशन के अलावा 39 प्रकार की वस्तुओं की बिक्री भी कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि पहले व्यवस्था की खामियों का खामियाजा कोटेदारों को भुगतना पड़ता था। अब ई-पॉस और घर तक राशन पहुंचाने की व्यवस्था से पारदर्शिता बढ़ी है। मुख्यमंत्री ने कोटेदारों से सम्मान के साथ काम करने की अपील भी की।

# मेहताब बाग में अज्जू चौहान ने की पूजा, गंगाजल चढ़ाया

## यमुना किनारे ताजमहल की ओर मुख करके की पूजा

## अज्जू चौहान बोले ऐतिहासिक प्रमाण सामने आने चाहिए



**यूनिक समय, आगरा।** सावन के तीसरे सोमवार को अखिल भारत हिंदू महासभा के कार्यकर्ताओं ने मेहताब बाग में यमुना किनारे पूजा-अर्चना की। संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अज्जू चौहान ने आरती उतारी और मनीष पंडित ने गंगाजल अर्पित किया। कार्यकर्ताओं ने शिव चालीसा का पाठ कर भगवा ध्वज भी लहराया।

कार्यकर्ता सुबह मेहताब बाग पहुंचे और यमुना किनारे धार्मिक आयोजन किया। इस दौरान ताजमहल की ओर मुख करके आरती की गई। कार्यकर्ताओं ने धार्मिक नारे भी लगाए। संगठन का कहना है कि यह कार्यक्रम सावन में पहले से चल रही गतिविधियों का हिस्सा है।

अज्जू चौहान ने कहा कि संगठन ताजमहल को तेजो महालय मानता है और इससे जुड़े दावों की सच्चाई इतिहास तथा प्रमाणों के आधार पर सामने आनी चाहिए। उन्होंने ताजमहल में शिव मंदिर होने का दावा भी दोहराया।

इससे पहले सावन के सोमवार को संगठन की जिला अध्यक्ष मीरा राठौर कांवड़ लेकर ताजमहल पहुंची थीं और जल चढ़ाने का प्रयास किया था। मीरा राठौर ने कहा कि मेहताब बाग में पूजा उसी क्रम की अगली कड़ी है। उन्होंने ऐतिहासिक दावों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की।

# महिला सचिव से छेड़खानी का आरोप

## भाजपा जिला पंचायत सदस्य समेत चार पर छेड़खानी का केस दर्ज

## कार्यालय में घुसकर अभद्रता और धमकी देने का आरोप

## जन्म प्रमाणपत्र को लेकर पहले से चल रहा है विवाद

**यूनिक समय, मुरादाबाद।** मूंढापांडे थाना क्षेत्र में महिला पंचायत सचिव ने भाजपा जिला पंचायत सदस्य अजयवीर यादव समेत चार लोगों पर छेड़खानी, धमकी और सरकारी काम में बाधा डालने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। महिला सचिव के अनुसार, वह चार अप्रैल को कार्यालय में सरकारी कार्य कर रही थीं। इसी दौरान अजयवीर यादव अपने साथियों के साथ वहां पहुंचे और अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने लगे। आरोप है कि आरोपियों ने उनके पास कुर्सियां लगाकर बैठने के बाद अश्लील इशारे किए और छेड़खानी की। विरोध करने पर झूठी शिकायत कर निलंबित कराने तथा जान से मारने की धमकी दी गई। सचिव ने आरोप लगाया कि इस दौरान सरकारी अभिलेख भी फाड़े गए। सचिव का आरोप है कि अजयवीर यादव ने मनोहर और कुलवंत को अधूरे दस्तावेजों के साथ जन्म प्रमाणपत्र बनवाने के लिए भेजा था और नियमों के विपरीत प्रमाणपत्र बनाने का दबाव बनाया। वहीं जिला पंचायत सदस्य ने सभी आरोपों को निराधार बताया। उनका कहना है कि सचिव ने बिना सुविधा शुल्क प्रमाणपत्र जारी नहीं किया, जिसकी शिकायत जिलाधिकारी से की गई थी। थाना प्रभारी मोहित चौधरी ने बताया कि अजयवीर यादव, कुलवंत, मनोहर और प्रधान उस्मान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई है।

# आगरा में डबल डेकर बस पलटी, एक यात्री की मौत

**यूनिक समय, आगरा।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर फतेहाबाद क्षेत्र में रविवार देर रात करीब दो बजे डबल डेकर बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने के बाद पलट गई। हादसे में एक यात्री की मौत हो गई, जबकि करीब 20 यात्री घायल हुए हैं। बस कानपुर से गुरुग्राम जा रही थी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार चालक को झपकी आने से हादसा हुआ। हादसे के बाद कई यात्री बस में फंस गए। कुछ यात्री बस के नीचे दब गए, जिन्हें निकालने के लिए पुलिस और बचाव दल ने क्रेन की मदद ली। सूचना पर फतेहाबाद पुलिस, यूपीडा की टीम और एंबुलेंस मौके पर पहुंचीं। घायलों को फतेहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। गंभीर घायलों को आगरा के एसएन मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। पुलिस के अनुसार हादसे में राहुल यादव (30), निवासी जगदीशपुर, कानपुर नगर की उपचार के दौरान मौत हो गई। वहीं श्यामलल का पैर कट गया, जिन्हें गंभीर हालत में एसएन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। बस परिचालक समेत कई यात्री भी घायल हुए हैं। हादसे के बाद एक्सप्रेसवे पर करीब एक किलोमीटर लंबा जाम लग गया। पुलिस ने क्रेन की मदद से बस हटाकर यातायात सामान्य कराया। कुछ यात्रियों को प्राथमिक उपचार के बाद दूसरे वाहनों से गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया।

# बारिश में मकान का लेंटर गिरा चाचा-भतीजे की मौत

## मलबे में दबे परिवार को ग्रामीणों ने निकाला

**यूनिक समय, शाहजहांपुर।** पुवायां थाना क्षेत्र के मुड़िया कुर्मियात गांव में सोमवार सुबह बारिश के दौरान दर्दनाक हादसा हो गया। पड़ोसी की कच्ची दीवार गिरने से नए मकान का लेंटर भरभराकर नीचे आ गिरा। मलबे में दबकर राजन कोरी (27) और उनके दो वर्षीय भतीजे आरव की मौत हो गई, जबकि राजन की पत्नी काजल गंभीर रूप से घायल हो गईं।

बताया गया कि मकान करीब एक महीने पहले ही बनकर तैयार हुआ था। रविवार रात से लगातार बारिश हो रही थी। इसी दौरान पड़ोसी राजाराम के कच्चे मकान की दीवार ढह गई। इसका मलबा अरविंद के मकान की सिंगल ईंट की दीवार पर जा गिरा। भार अधिक होने से मकान का लेंटर भी टूटकर नीचे आ गया। हादसे के समय राजन, उनकी पत्नी काजल और बेटा आरव मकान के नीचे बैठे थे। तेज आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद तीनों को मलबे से बाहर निकाला। राजन और आरव की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। घायल काजल को बंडा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत में राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। सूचना पर राजस्व विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। हादसे के बाद गांव में मातम पसरा है।

# नितिन नवीन की नई टीम में स्मृति और राम माधव की वापसी

## भाजपा की नई टीम में कई बड़े चेहरों की वापसी

## अमित मालवीय की जगह दीपक महस्के संभालेंगे जिम्मेदारी

## नई टीम में महिलाओं को भी मिली महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने सोमवार को अपनी नई राष्ट्रीय टीम का ऐलान किया। नई टीम में 13 राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और आठ महासचिव शामिल किए गए हैं। संगठन में कई प्रमुख चेहरों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी गई हैं। स्मृति ईरानी और राम माधव की पार्टी संगठन में वापसी हुई है, जबकि वसुंधरा राजे को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। बीएल संतोष संगठन महामंत्री के पद पर बने रहेंगे। भाजपा के आईटी सेल में भी बड़ा बदलाव किया गया है। लंबे समय से आईटी सेल की जिम्मेदारी संभाल रहे अमित मालवीय को पद से हटा दिया गया है। उनकी जगह दीपक महस्के को नया आईटी सेल प्रमुख बनाया गया है। महस्के वर्ष 2014 से छत्तीसगढ़ भाजपा आईटी सेल के प्रमुख की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। भाजपा की नई राष्ट्रीय टीम में 12 महिलाओं को संगठन की जिम्मेदारी दी गई है। वसुंधरा राजे, डी. पुरंदेश्वरी, रेखा वर्मा, वर्षाबेन दोशी, भारती पवार और मधुचंद्र कर को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। स्मृति ईरानी समेत कविता पाटीदार, फांग्नोन कोन्यक और संगीता यादव को राष्ट्रीय मंत्री की जिम्मेदारी मिली है। रूप कुमारी चौधरी को महिला मोर्चा अध्यक्ष और प्रीति गांधी को सोशल मीडिया सह-संयोजक बनाया गया है। उत्तर प्रदेश से तीन महिलाओं को प्रतिनिधित्व मिला है।

# बिहार के अशोकधाम मंदिर में अफवाह से मची भगदड़

## हादसे में सात महिलाओं की मौत 23 से अधिक लोग घायल

### करंट की अफवाह के बाद टूटे बैरिकेड, मची अफरातफरी

### हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ के दबाव बढ़ने से हुआ हादसा

### चार मृत महिलाओं की पहचान हुई, जांच शुरू

### प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति ने जताया गहरा दुख





**यूनिक समय, नई दिल्ली।** बिहार के लखीसराय स्थित अशोकधाम मंदिर में सावन के तीसरे सोमवार को जलाभिषेक के लिए उमड़ी भारी भीड़ में अफवाह ने सात महिलाओं की जान ले ली। सुबह करीब साढ़े छह बजे मंदिर जाने वाले रास्ते पर एक खंभा गिरने के बाद लोगों के बीच करंट फैलने की अफवाह फैल गई। इसके बाद श्रद्धालुओं में अचानक भगदड़ मच गई। हादसे में 23 से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं, जिनमें तीन की हालत गंभीर है।

लखीसराय के जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार के अनुसार, पुरुषों की कतार की तरफ एक खंभा गिरा था। इसके बाद लोगों में बिजली का तार गिरने की बात फैल गई। जबकि जमीन पर गिरा तार बिजली की लाइन नहीं, बल्कि केबिल था। अफवाह के कारण पुरुषों की तरफ से भीड़ का दबाव महिलाओं की कतार की ओर बढ़ गया। देखते ही देखते कई महिलाएं एक-दूसरे के ऊपर गिर गईं।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बैरिकेडिंग के पास अचानक भीड़ का दबाव बढ़ा और लोग सुरक्षित निकलने के लिए इधर-उधर भागने लगे। बैरिकेडिंग टूटने से स्थिति और बिगड़ गई। कुछ लोग खेतों की तरफ भागते नजर आए। घायलों को स्थानीय अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे में जान गंवाने वाली सात महिलाओं में चार की पहचान हो चुकी है। इनमें लखीसराय की मधुबाला देवी, मनमाला देवी, हेमलता देवी और मुंगेर की रिंकू देवी शामिल हैं। प्रशासन ने घटना की जांच कराने की बात कही है। सोमवार को मंदिर में करीब 50 हजार श्रद्धालुओं के पहुंचने की जानकारी सामने आई है। इतनी बड़ी भीड़ के बीच अफवाह ने कुछ ही क्षणों में हालात बेकाबू कर दिए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हादसे पर दुख जताया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये मुआवजा देने की घोषणा की है।

हादसे के बाद अब मंदिर में स्थिति सामान्य बताई जा रही है और श्रद्धालु कतार में लगकर जलाभिषेक कर रहे हैं। घटना ने धार्मिक आयोजनों में भीड़ प्रबंधन, मजबूत बैरिकेडिंग और अफवाहों पर तत्काल नियंत्रण की जरूरत को फिर सामने ला दिया है।



## महाकाल मंदिर में भगदड़ जैसे हालात, 13 श्रद्धालु घायल



### करंट की अफवाह के बाद बढ़ा भीड़ का दबाव

### घायलों ने प्रशासन पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए

### नागपंचमी पर ही खुलते हैं मंदिर के कपाट

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** महाकालेश्वर मंदिर परिसर में सोमवार को नागचंद्रेश्वर भगवान के दर्शन के दौरान भगदड़ जैसे हालात बन गए। करंट फैलने की अफवाह के बाद अचानक श्रद्धालुओं में अफरा-तफरी मच गई। भीड़ के दबाव में कई लोग एक-दूसरे के ऊपर गिर पड़े। घटना में 13 श्रद्धालुओं की तबीयत बिगड़ी और उन्हें उज्जैन जिला अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद कुछ श्रद्धालुओं को छुट्टी दे दी गई, जबकि तीन का इलाज जारी बताया गया।

पुलिस के अनुसार नागचंद्रेश्वर मंदिर के दर्शन के लिए करीब 40 हजार श्रद्धालु कतार में थे। भारी भीड़ के कारण बैरिकेडिंग पर दबाव बढ़ गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, अचानक बैरिकेड खोलने के बाद भीड़ आगे बढ़ी और कुछ हिस्सों में बैरिकेड टूट गए। इसके बाद पीछे से आ रहे लोगों के दबाव में कई श्रद्धालु गिर पड़े। घायल श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में भीड़ प्रबंधन को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। एक श्रद्धालु ने आरोप लगाया कि बैरिकेड के नीचे पैर फंसने से उसे चोट लगी और मदद मिलने में देरी हुई। एक महिला ने बताया कि उसकी बेटी भगदड़ में गिरकर घायल हो गई और उसके दांत टूट गए। एक अन्य श्रद्धालु ने मंदिर में वीआईपी दर्शन को लेकर भी सवाल उठाए। उसका आरोप है कि आम श्रद्धालुओं की लंबी कतार के बीच शुल्क लेकर वीआईपी दर्शन कराए जा रहे थे। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। नागचंद्रेश्वर मंदिर महाकाल मंदिर की तीसरी मंजिल पर स्थित है और इसके कपाट साल में केवल नागपंचमी के दिन खोले जाते हैं। इस बार नागपंचमी और सावन सोमवार एक साथ होने के कारण भारी भीड़ उमड़ी। पुलिस-प्रशासन ने स्थिति संभालने का दावा किया है और फिलहाल हालात नियंत्रण में बताए जा रहे हैं।

## ओडिशा में भारी बारिश में धंसा रेलवे ट्रैक, ट्रेनें रद्द

### मयूरभंज में 50 मीटर ट्रैक क्षतिग्रस्त, रेल सेवाएं प्रभावित

### मरम्मत में जुटी रेलवे टीम सुरक्षित संचालन पर जोर

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** ओडिशा के मयूरभंज जिले में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण सोमवार को रेलवे ट्रैक का करीब 50 मीटर हिस्सा धंस गया। यह घटना बारीपदा स्टेशन मार्केट के पास सुंगाडिया इलाके में हुई। ट्रैक के नीचे की मिट्टी बारिश के पानी से कमजोर होकर बह गई, जिससे रेल मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया।

ट्रैक धंसने की जानकारी मिलते ही रेलवे प्रशासन ने इस मार्ग पर ट्रेनों का संचालन रोक दिया। इसके चलते बारीपदा से चलने वाली कई ट्रेन सेवाएं प्रभावित हुई हैं। इनमें बांगरीपोसी-भुवनेश्वर सुपरफास्ट एक्सप्रेस और भंजपुर-रूपसा मेमू ट्रेन शामिल हैं। दोनों ट्रेनों को रद्द किए जाने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

रेलवे अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण कर क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत शुरू करा दी है। कर्मचारी ट्रैक को दोबारा सुरक्षित बनाने में जुटे हैं। अधिकारियों का कहना है कि मरम्मत पूरी होने और ट्रैक की सुरक्षा जांच के बाद ही रेल यातायात बहाल किया जाएगा। लगातार बारिश के कारण मयूरभंज और आसपास के इलाकों में जनजीवन प्रभावित है। कई स्थानों पर जलभराव और बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। ऐसे में रेलवे प्रशासन मौसम और ट्रैक की स्थिति पर लगातार नजर रख रहा है।

## शिमला में टैंकर से भिड़ी कार, दो जवानों की मौत

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** शिमला में रविवार देर रात टालैंड-खलीनी मार्ग पर दर्दनाक सड़क हादसे में दो पुलिस जवानों की मौत हो गई। सीपीडब्ल्यूडी कॉलोनी के पास ऑल्टो कार सामने से आ रहे टैंकर से टकरा गई। हादसे में कार सवार हेड कांस्टेबल प्रवीण मेहता और कांस्टेबल हेमंत कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को तत्काल आईजीएमसी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। दोनों पुलिसकर्मी पुलिस लाइन कैंथू में तैनात थे और हादसे के समय टालैंड से खलीनी की ओर जा रहे थे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस हादसे के कारणों, वाहनों की गति और संभावित लापरवाही की पड़ताल कर रही है। एसपी शिमला गौरव सिंह ने घटना की पुष्टि की है। हादसे के बाद मार्ग पर कुछ समय तक यातायात भी प्रभावित रहा।

## 'दिमागी नक्सल' बयान से सोशल मीडिया पर नया अभियान

### एक दिन में तेजी से बढ़े अनुयायी, पहचान अब भी गुप्त

### विपक्षी नेताओं की प्रतिक्रियाओं से गरमाई राजनीतिक बहस

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 15 अगस्त के भाषण में 'दिमागी नक्सल' शब्द के इस्तेमाल के बाद सोशल मीडिया पर नया राजनीतिक अभियान चर्चा में आ गया है। 'दिमागी नक्सल पार्टी' और 'दिमागी नक्सल जनता पार्टी' नाम से कई खाते सामने आए हैं। इनमें से एक इंस्टाग्राम खाते ने 24 घंटे में करीब 1.9 लाख अनुयायी जुटाकर ध्यान खींचा।

एक्स पर 'डीएनजेपीइंडिया' नाम का खाता राहुल गांधी, अखिलेश यादव, अरविंद केजरीवाल, ध्रुव राठी, कुणाल कामरा और प्रकाश राज सहित कई चर्चित चेहरों को फॉलो करता है। यह खाता इसी महीने बनाया गया है और इसके संचालक की पहचान सार्वजनिक नहीं है। अभियान का नारा 'सोचो, शोध करो, विरोध करो' बताया गया है। खाते पर कई पोस्ट भी साझा की गई है। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में सशस्त्र नक्सलवाद के कमजोर होने के बाद 'दिमागी नक्सल' से सतर्क रहने की बात कही थी। इसके बाद विपक्षी नेताओं ने सरकार पर निशाना साधा। पी. चिदंबरम समेत नेताओं की प्रतिक्रियाओं के बीच यह डिजिटल अभियान राजनीतिक बहस का नया केंद्र बन गया है।

## त्विषा मौत मामले में सीबीआई ने दाखिल किया चालान

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** बहुचर्चित त्विषा शर्मा मौत मामले में सीबीआई ने जांच पूरी कर भोपाल जिला अदालत में 636 पन्नों का चालान पेश किया है। मामले में रिटायर्ड जिला न्यायाधीश गिरीबाला सिंह और उनके बेटे समर्थ सिंह को आरोपी बनाया गया है। दोनों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और दहेज प्रतिषेध अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं। जांच एजेंसी ने बयान दर्ज करने के साथ दस्तावेज और अन्य साक्ष्य जुटाए। चालान दाखिल होने के बाद दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं ने दस्तावेजों और साक्ष्यों का अध्ययन शुरू कर दिया है। अब अदालत इन्हीं तथ्यों के आधार पर मामले की आगे की न्यायिक प्रक्रिया तय करेगी।

## सावन स्नान बना काल गंगा में डूबीं सात बच्चियां



### सोमवार पर स्नान करने पहुंची थीं सभी बच्चियां

### तीन शव मिले, एक की तलाश अभी भी जारी

### अवैध खनन से बने गड्ढों पर सवाल उठे

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** पटना के बाढ़ अनुमंडल के बख्तियारपुर थाना क्षेत्र में सावन की सोमवारी पर गंगा स्नान के दौरान दर्दनाक हादसा हो गया। रानीसराय गांव के पास सोमवार सुबह करीब पांच बजे सात बच्चियां नदी में स्नान करने पहुंची थीं। इसी दौरान एक बच्ची गहरे पानी में जाकर डूबने लगी। उसे बचाने के प्रयास में अन्य बच्चियां भी आगे बढ़ गईं और देखते ही देखते सातों पानी में डूबने लगीं। स्थानीय लोगों ने तत्काल नदी में उतरकर बचाव अभियान शुरू किया। इनमें से तीन बच्चियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जबकि चार लापता हो गईं।

बाद में बबली कुमारी, नंदनी कुमारी और राधिका कुमारी के शव बरामद कर लिए गए। चौथी बच्ची आरती कुमारी की तलाश जारी है।

स्थानीय लोगों ने गंगा में कथित अवैध खनन के कारण बने गहरे गड्ढों को हादसे की वजह बताया है। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि जांच के बाद ही होगी। पुलिस, स्थानीय गोताखोर और एसडीआरएफ की टीम लापता बच्ची की तलाश में जुटी है।

# जिले में शान से लहराया तिरंगा


ध्वजारोहण में उपस्थित राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के पदाधिकारी।


नेशनल चैंबर भवन, मसानी में ध्वजारोहण किया गया।


रतन लाल फूल कटोरी देवी ध्वजारोहण के बाद उपस्थित विधायक मेघश्याम सिंह, प्रधानाचार्या नीता सिंह।

**यूनिक समय, मथुरा।** स्वतंत्रता दिवस पर जिले में राजनीतिक दलों, सामाजिक और व्यापारिक संगठनों, शिक्षण संस्थानों, विभिन्न संस्थाओं की ओर से ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए गए। राष्ट्रगान, देशभक्ति के नारों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच लोगों ने स्वतंत्रता सेनानियों और अमर शहीदों को नमन किया। वक्ताओं ने देश की एकता, अखंडता और विकसित भारत के निर्माण के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

भारतीय शिक्षण मंडल के तत्वावधान में गुरुकुल विद्यापीठ, पुष्प विहार में भारत माता पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। आरसीए बालिका स्नातकोत्तर महाविद्यालय में ध्वजारोहण-राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

प्राचार्य अंजु बाला अग्रवाल ने स्वतंत्रता और स्वच्छंदता के अंतर को समझाया। रमेश मित्तल, सचिव गिरीश अग्रवाल और पूर्व प्राचार्य डॉ. प्रीति जौहरी मौजूद रहे। हाइवेसिटी कॉलोनी नवादा स्थित हाइवेसिटी कॉलोनी में महिलाओं ने 80 वां स्वतंत्रता दिवस उत्साह के साथ मनाया। विजय लक्ष्मी जैन और वरिष्ठ महिलाओं ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया।

**नंदगांव:** भाजपा जिलाध्यक्ष निर्भय पांडेय के नेतृत्व में कृष्णा कॉलेज में ध्वजारोहण किया गया। कार्यकर्ताओं ने देश की एकता, अखंडता और विकास के लिए संकल्प लिया। जिला महामंत्री आकाश चौधरी सहित भाजपा के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

रतनलाल फूल कटोरी देवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विधायक मेघश्याम, गोविंदानंद तीर्थ, प्रबंधक डॉ. अनुज विजय और प्रधानाचार्य डॉ. नीता सिंह ने ध्वजारोहण किया। एमईएस बिल्डर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया संगठन की ओर से स्थानीय होटल में ध्वजारोहण किया गया। शाखा अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने तिरंगा फहराया, पदाधिकारियों व सदस्यों ने राष्ट्रगान गाया। सचिव तरुण मंगला ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस देश के लिए किए गए बलिदानों और नागरिकों के कर्तव्यों की याद दिलाता है। पूर्व चेयरमैन हरीश भाटिया सहित संगठन के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

विद्युत भवन, कैंट परिसर में मुख्य अभियंता राजीव गर्ग ने ध्वजारोहण किया। अधिकारियों और कर्मचारियों ने राष्ट्रगान के साथ स्वतंत्रता सेनानियों और अमर शहीदों को नमन किया। अधीक्षण अभियंता मुदित तिवारी, सत्यप्रकाश पांडे, एसके सनोरिया सहित विभागीय अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

नेशनल चैंबर भवन, मसानी में ध्वजारोहण किया गया। शुरुआत ठाकुरजी के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और माल्यार्पण से हुई। अध्यक्ष राजीव बृजवासी, निवर्तमान अध्यक्ष राजेश बजाज, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रहलाद खंडेलवाल, उपाध्यक्ष तुषार हाथीवाले, महामंत्री राम प्रकाश अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र हाथीवाले, मुकेश अग्रवाल, मंत्री उमेश जुगासना और मनीष शोरावाला ने कार्यक्रम में सहभागिता की। इस अवसर पर प्रमोद कसेरे, प्रदीप अग्रवाल, गजानंद अग्रवाल, पवन चतुर्वेदी, राजकुमार अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, पवन अग्रवाल, विजय गोयल, कैलाश अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, शैलेश अग्रवाल, राम सामरिया, जितेंद्र अग्रवाल, शैलेन्द्र सिंह, जितेंद्र कटारा, मनोज सामरिया सहित बड़ी संख्या में उद्योगपति, व्यापारी और नागरिक मौजूद रहे।

राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन ने स्वतंत्रता दिवस पर झंडारोहण का कार्यक्रम किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गजेंद्र शर्मा प्रदेश, महामंत्री जगत नारायण अग्रवाल, प्रदेश मंत्री मनोज अग्रवाल, जिला वरिष्ठ महामंत्री श्याम सुंदर पालीवाल, युवा मोर्चा के अध्यक्ष अजय कुमार सैनी, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष प्रतिमा सिंह, भावना शर्मा, कीर्ति शर्मा, बनवारी लाल लवानिया, जंग जीत चौधरी, विजय राजपूत, मोहित शर्मा, अनिल कुमार और अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# संतों ने निकाली तिरंगा यात्रा


धर्म रक्षा संघ के बैनर तले निकाली तिरंगा यात्रा में शामिल संत।

**यूनिक समय, वृंदावन।** स्वतंत्रता दिवस पर धर्म रक्षा संघ के तत्वावधान में धर्म रक्षा संघ मातृशक्ति की राष्ट्रीय अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी मां ध्यानमूर्ति गिरि के सान्निध्य में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में संत-महात्माओं, धर्माचार्यों, धर्मयोद्धाओं और सनातन धर्मावलंबियों ने भाग लिया। यात्रा में राष्ट्र की एकता, अखंडता-सुरक्षा के साथ सनातन धर्म की रक्षा और श्रीकृष्ण जन्मभूमि की मुक्ति का संकल्प लिया।

तिरंगा यात्रा का प्रारंभ श्री भागवत मंदिरम, गोपाल खार परिक्रमा मार्ग से हुआ और समापन श्री ध्यान मूर्ति सत्संग सेवा संस्थान गौशाला नगर पर हुआ। महामंडलेश्वर मां ध्यानमूर्ति गिरी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल आजादी का उत्सव नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण का संकल्प लेने का अवसर भी है। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ गौड़, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष महंत मोहिनी बिहारी शरण, राष्ट्रीय संयोजक आचार्य बद्रीश, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष स्वामी डॉ. हरिओम शास्त्री आदि ने विचार व्यक्त किए। यात्रा में महामंडलेश्वर स्वामी राधाप्रसाद देव जू,स्वामी रामदास, श्रीदास प्रजापति,महामंडलेश्वर स्वामी कृष्णानंद, महामंडलेश्वर स्वामी डा.सत्यानंद अधिकारी गुरुजी, स्वामी अतुल कृष्ण दास आदि उपस्थित थे।

# 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया


श्री निंबार्क जूनियर हाईस्कूल में कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के बीच प्रधानाचार्य ब्रजकिशोर त्रिपाठी आदि।

**यूनिक समय, वृंदावन।** श्री निंबार्क जूनियर हाई स्कूल में प्रबंधक जय किशोर शरण ने तिरंगा फहराया। वीर सपूतों को स्मरण करते हुए विजयी उदघोषों के साथ श्रद्धा सुमन अर्पित किए। प्रधानाचार्य ब्रजकिशोर त्रिपाठी ने देश की एकता और अखंडता का संकल्प दोहराया।

# रोमेक्स स्कूल में देशभक्ति के रंग में रंगा स्वतंत्रता दिवस



रोमेक्स स्कूल में ध्वजारोहण के दौरान मौजूद अतिथि और शिक्षक।

**यूनिक समय, मथुरा।** रोमेक्स इंटरनेशनल स्कूल में स्वतंत्रता दिवस देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। मुख्य अतिथि एशियन गेम्स की स्वर्ण पदक विजेता-मोटिवेशनल मेंटर रेणुका पुंडरीक गोस्वामी रहीं। उन्होंने चेयरमैन एसपी सिंह, डायरेक्टर कृष्णा चौधरी और प्रधानाचार्या डॉ. प्रिया चौधरी के साथ ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान के बाद विद्यालय परिसर भारत माता के जयघोष से गूंज उठा। विद्यार्थियों ने शिक्षिका सुमी के निर्देशन में जयति और जन्मनी ने नृत्य प्रस्तुत किया। अध्यापक मोहित के निर्देशन में 'लगान' और 'ऑपरेशन सिंदूर' पर आधारित लघु नृत्य-नाटिका ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। प्रधानाचार्य डॉ. प्रिया चौधरी ने आभार जताया।

# जिला कारागार में बंदियों के सुधार कार्यों को मिला सम्मान

**यूनिक समय, मथुरा।** स्वतंत्रता दिवस पर जिला कारागार में बंदियों के सुधार और पुनर्वास के लिए किए जा रहे कार्यों के लिए उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति के पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। कारागार अधीक्षक अंशुमान गर्ग ने मंडल सचिव कपिलदेव शर्मा और जिला सचिव योगेश अग्रवाल को पटका पहनाकर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

मुख्य अतिथि रेलवे मजिस्ट्रेट और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ने समिति के पदाधिकारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। योगेश अग्रवाल ने सम्मान मिलने पर कारागार अधीक्षक का आभार जताया। समारोह में बंदियों के सुधार और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के प्रयासों को महत्वपूर्ण बताया गया।


अपराध निरोधक समिति के पदाधिकारी को सम्मानित करते कारागार अधीक्षक अंशुमान गर्ग।

# जैन इंटर कॉलेज चौरासी में स्वतंत्रता दिवस मनाया



जैन चौरासी इंटर कॉलेज में मेधावी छात्रों को सम्मानित करते हुए अतिथि।

**यूनिक समय, मथुरा।** जैन इंटर कॉलेज चौरासी में छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से देश भक्ति का संदेश।

इस मौके पर डॉ सत्येन्द्र जैन, रजनीश कुमार जैन, किशन लाल जैन, सतीश चन्द, लाल चंद,प्रधानाचार्य निखिल अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

किशोरी रमण महिला महाविद्यालय में प्राचार्य पल्लवी सिंह ने ध्वजारोहण से किया। इस मौके निधि शर्मा, मोनिका दीक्षित और छात्राएं उपस्थित रहीं।

# शिवाशा एस्टेट में स्वतंत्रता दिवस और तीज कार्निवाल की धूम

**यूनिक समय, गोवर्धन।** शिवाशा एस्टेट स्टेट कॉलोनी में स्वतंत्रता दिवस और तीज कार्निवाल धूमधाम से मनाया गया। सुबह स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में सेवानिवृत्त सीओ केके भल्ला और पूर्व अध्यक्ष उदयवीर सिंह के सहयोग से हुआ। अध्यक्ष मंतोष कुमार अग्रवाल, मंत्री अनुज अग्रवाल और सचिन जैन ने व्यवस्थाओं में सहयोग किया। ध्वजारोहण के बाद उपस्थित लोगों ने अपने विचार रखे और मिष्ठान वितरित किया गया।

शाम चार बजे कॉलोनी के बड़े पार्क में तीज कार्निवाल का आयोजन हुआ। बच्चों के लिए गेम जोन और मेहंदी की निशुल्क व्यवस्था की गई। ऊंट की सवारी और गोरिल्ला प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। स्थानीय लोगों ने विभिन्न स्टॉल लगाए, जबकि बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर खूब तालियां बटोरीं।


तीज कार्निवाल कार्यक्रम में मौजूद शिवासा एस्टेट कॉलोनी की महिलाएं।

कॉलोनी में पहली बार आयोजित तीज क्वीन प्रतियोगिता में मीनू शर्मा को तीज क्वीन चुना गया। रचना और श्वेता कुलश्रेष्ठ ने उन्हें ताज पहनाया। निर्णायक मंडल में सुशील दीवान और छाया जैन रहे। रेणु, वैष्णवी, शुचि, निहारिका, अंजली, रश्मि और ज्योति को भी पुरस्कार दिए गए।

मेले में सेवानिवृत्त सेना, वायुसेना और पुलिस विभाग के लोगों का सम्मान किया गया। बंधन क्रिएशन के लकी ड्रॉ में प्रथम पुरस्कार कौशल गोयल, द्वितीय रूपाली कलेक्शन और तृतीय पुरस्कार श्वेता अग्रवाल को मिला। दस सांत्वना पुरस्कार भी निकाले गए। आयोजन में महिला मंडल सहित हेमलता शास्त्री, अतुल पाठक, शालिनी, दीपक गर्ग, कैलाश, गिर्राज प्रसाद और डॉ. मनोज गुप्ता का विशेष सहयोग रहा।

## तीज क्वीन बनीं मीनू शर्मा, लकी ड्रॉ ने जीते आकर्षण

## स्वतंत्रता दिवस पर सेवानिवृत्त अधिकारियों का किया सम्मान

# स्वतंत्रता दिवस पर बच्चों की प्रस्तुतियों ने मनमोहा


गांव गोपाल गढ़ स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में हुए कार्यक्रम में प्रधानाचार्य डा. ब्रजराज सारस्वत आदि।

**यूनिक समय, वृंदावन।** उच्च प्राथमिक विद्यालय गोपालगढ़ में 80 वां स्वतंत्रता दिवस मनाया। अध्यक्षता लॉयंस क्लब दिल्ली श्री राधा के अध्यक्ष विनोद जायसवाल ने की। छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति परक गीतों पर अनेक प्रस्तुतियां दी।

इस अवसर पर विनोद गोयल, पूनम अग्रवाल, वेदराम शर्मा, अखिलेश तिवारी एवं पूर्व प्रधान जयपाल सिंह आदि उपस्थित थे। प्रधानाध्यापक बृजराज सारस्वत ने शहीदों के बलिदान को याद करते हुए बच्चों से देश सेवा का संकल्प लेने की अपील की। लॉयंस क्लब दिल्ली श्री राधा के सदस्यों ने प्रतिभागी छात्र- छात्राओं को ट्रॉफी, मेडल और शिक्षण सामग्री प्रदान की।